


आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




वर्ष : 27 | अंक : 118 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 19 अप्रैल, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# दिल्ली में इमारत गिरी, 4 की मौत

## चार मंजिला इमारत के मलबे में दबे हैं 8 से 10 लोग



**दिल्ली ( एजेंसी )।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात बड़ा हादसा हो गया है। रात करीब 3 बजे यहां के शक्ति विहार इलाके में स्थित एक चार मंजिला इमारत भराभरा कर गिर गई। यह इलाका मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। इस दर्दनाक हादसे में 4 लोगों की मौत हो गयी है। जबकि 8 से 10 लोग अभी भी मलबे में दबे हैं जिन्हें बचाने का काम किया जा रहा है।

इमारत के गिरने से करीब दो दर्जन लोग मलबे में दब गए। एडिशनल डीसीपी संदीप लांबा के मुताबिक इस हादसे में अब तक चार लोगों की मौत हो गई है. मृतकों की पहचान चांदनी, दानिश, रेशमा और नावेद के रूप में हुई है। फिलहाल 18 लोगों को बाहर निकाला जा चुका है जिनमें से 14 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभी भी कुछ लोग मलबे में दबे हो सकते हैं।

एनडीआरएफ, डॉग स्क्वाड, दिल्ली पुलिस और फायर डिपार्टमेंट की टीमें राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हैं। स्थानीय लोग रेस्क्यू ऑपरेशन में मदद कर रहे हैं। एक चश्मदीद ने बताया कि इमारत पुरानी या जर्जर हालत में नहीं थी बल्कि अच्छी कंडीशन में थी लेकिन यह प्लॉट एल शेप में था जो संभवत: बिल्डिंग के गिरने की एक वजह हो सकता है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# जनता की सेवा व कल्याण के लिए प्रतिबद्ध सरकार : योगी

**गोरखपुर ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखनाथ मंदिर परिसर में



आयोजित 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने बड़ी संख्या में मौजूद लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं।

जनता दर्शन में सीएम योगी ने व्यक्तिगत, पारिवारिक, और स्थानीय प्रशासन से जुड़ी समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनता की सेवा और उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, और हर समस्या का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री द्वारा इस तरह से सीधे संवाद की पहल को आम जनता ने काफी सराहा। गोरखनाथ मंदिर परिसर में हर रोज़ आने वाले फरियादियों के लिए यह 'जनता दर्शन' एक बड़ी राहत और उम्मीद का स्रोत बनता जा रहा है।

# सुमन के घर हिंसा में सरकार की फंडिंग: अखिलेश यादव

## डराकर दलितों व पिछड़ों को दबाने का काम कर रही है योगी सरकार

**आगरा ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। अखिलेश यादव ने कहा कि आगरा में सपा सांसद रामजीलाल सुमन के घर साजिश के तहत हमला किया गया और इस हिंसा के पीछे सरकार ने फंडिंग की। अखिलेश ने कहा कि आगरा में जिस तरह तलवारें व बंदूकें लहराई गई ऐसा सभ्य समाज में नहीं होता। उन्होंने कहा कि सरकार पीडीए को डराने की कोशिश कर रही है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आज आगरा पहुंचने। सपा सांसद रामजीलाल सुमन के आवास पर हुए हमले की सियासी गर्मी को अखिलेश यादव के दौरे ने और बढ़ा दिया है।



आपको बतादें कि 26 मार्च को करणी सेना ने रामजीलाल सुमन के आवास पर तोड़फोड़ की थी और इस हमले को लेकर अब तक सियासी बयानबाजी भी जारी है।

अखिलेश यादव आज दोपहर 12.00 बजे एमजी रोड स्थित रामजीलाल सुमन के आवास पर पहुंचेंगे और उनसे मुलाकात की। मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि रामजीलाल सुमन के घर अचानक हमला नहीं हुआ था। इसके पीछे साजिश थी। साजिश के तहत उनके घर में तोड़फोड़ की गई और गोली मारने के लिए कहा गया। इस साजिश ने मुख्यमंत्री के स्वजातीय विधायक शामिल थे। उन्होंने कहा कि इस हिंसा के लिए सरकार ने फंडिंग की।

अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार डराकर पीडीए की ताकत को खत्म करना चाहती है। लगातार दलितों व पिछड़ों को डराया जा रहा है। मुझे भी गोली मारने की धमकी मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी वाले सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक बातें लिखते हैं लेकिन उनके खिलाफ एफआईआर नहीं होती। अखिलेश यादव ने इस दौरान प्रदेश सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए।

# लोटस ब्लू वर्ड सोसाइटी की 21वीं मंजिल से महिला ने लगाई छलांग

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के थाना 39 क्षेत्र के सेक्टर 100 में स्थित लोटस ब्लू वर्ड सोसाइटी के



टावर नंबर 12 के 21वीं मंजिल के फ्लैट में रह रही 21 वर्ष की महिला ने फ्लैट की बालकनी से छलांग लगा दी जिस कारण महिला की मौके पर ही मृत्यु हो गई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के पिता को सूचित कर दे कर अन्य आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक नोएडा के सेक्टर-100 स्थित लोट्स बुलेवर्ड सोसाइटी में रहने वाली उन्नति (21 वर्ष) पुत्री गोपाल मोहन ने आज सुबह बिल्डिंग से कूदकर जान दे दी। युवती ने जब सुसाइड किया उस समय वह घर पर अकेली थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, उन्नति वर्तमान में नोएडा सेक्टर-100 की लोटस बुलेवर्ड सोसाइटी में टावर नंबर 12 के फ्लैट नंबर 2101 में रह रही थी। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले की रहने वाली थी।



**दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की इकलौती बेटी हर्षिता केजरीवाल ने अपने कॉलेज फ्रेंड और आईआईटी दिल्ली के बैचमेट संभव जैन के साथ 18 अप्रैल को दिल्ली के ऐतिहासिक कपूरथला हाउस में सात फेरे लिए। यह शादी बेहद सादगी और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुई, जिसमें केवल परिवार के सदस्य और करीबी मेहमान शामिल हुए।**

# अब ट्रैफिक जाम व प्रदूषण नोएडा को मिलेगी निजात !

## एनसीएपी के तहत केन्द्र सरकार से 300 करोड़ का फंड लेगा प्राधिकरण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अब नोएडा में प्रदूषण तथा जाम के झाम से लोगों को रूबरू नहीं होना पड़ेगा। नोएडा प्राधिकरण के दावों पर यदि यकीन करें तो अब 300 करोड़ के केन्द्रीय फंड के जरिए जगह-जगह यातायात जाम को खत्म करने की योजनाएं लागू की जाएंगी।

नोएडा प्राधिकरण ने नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत केन्द्र सरकार से 300 करोड़ रूपये लेने की कवायद कर रहा है। ट्रैफिक सिग्नलों को लैफ्ट टर्न फ्री किया जाएगा। जहां लैफ्ट टर्न पर फुटपाथ या कोई अवरोध है उसे हटाया जाएगा। इसके लिए एक सर्वे किया जाएगा।

जाम की स्थिति से निपटने के लिए सड़कों का इंफ्रास्ट्रक्चर बेतहर किया जाएगा। बताया गया कि सेक्टर-62 में एनएच-9 और गाजियाबाद को जोड़ते हुए बनाए जाने वाला स्काई वॉक भी इसी फंड से बनाया जाएगा। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# सोलर ऊर्जा से संचालित होंगे एसटीपी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** एसटीपी प्लांट के जरिए पांच साल में 5 लाख टन कार्बन इमिशन को कम



करेगा। इसके लिए यहां संचालित चार एसटीपी (सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) को सोलर ऊर्जा से चलाया जाएगा। इसके लिए 6 मेगावाट का सोलर एनर्जी प्लांट लगाया जाएगा। ये प्लांट सभी छह एसटीपी को संचालित करने में लगने वाली बिजली खपत को आधा कर देगा। वर्तमान में एक एसटीपी प्लांट को चलाने में 2 मेगावाट बिजली लगती है।

प्राधिकरण के महाप्रबंधक जल-सीवर आरपी सिंह ने बताया कि इस प्रोजेक्ट को सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। उन्होंने बताया कि बिजली की एक यूनिट कम करने से 30 ग्राम कार्बन रेडिएशन की बचत होती है। वर्तमान में एक एसटीपी में रोजाना 2000 यूनिट खपत कर रहा है। सोलर पैनल लग जाने से रोजाना करीब 1000 यूनिट की खपत कम हो जाएगा। ऐसे में रोजाना कई किलों कार्बन रेडिएशन को कम किया जा सकेगा। इसकी वजह नोएडा में बढ़ते प्रदूषण स्तर को कम करना है।

2024-25 के बजट में नोएडा को सोलर सिटी के रुप में विकासित करने का रोड मैप तैयार किया गया है। इस रोडमैप के अनुसार ही यहां चलने वाले सभी एसटीपी को सोलर एनर्जी से संचालित किए जाएंगे। इसके अलावा स्ट्रीट लाइटो को भी सोलर एनर्जी से चलाया जाएगा। सभी एसटीपी प्लांट के लिए सोलर एनर्जी प्लांट लगाने का काम जल्द शुरू हो जाएगा। इसमें कितना खर्च आएगा डीपीआर तैयार की जा रही है।

# कार्यकर्ताओं में जोश भर गये भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष!


## ● साधारण कार्यकर्ता की बहन की शादी में सेक्टर-82 पहुंचे भूपेन्द्र चौधरी ● मनोज गुप्ता के आवास पर पहुंचकर की संगठन को लेकर चर्चा





**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी अपने संगठन के मूल मंत्र 'सबका साथ सबका विकास तथा सबका विश्वास' को व्यवहारिक रूप में पालन करती है इसकी बानगी कल सेक्टर 82 में देखने को मिली। सेक्टर-82 के भाजपा के साधारण कार्यकर्ता तथा भाजपा कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत प्रदीप की बहन की शादी में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी पहुंचे तथा वहां पहुंचकर उन्होंने वर-वधु को आशीर्वाद दिया। उनके साथ भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया तथा पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता आदि भी मौजूद थे।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी के शादी समारोह में पहुंचने पर सभी कार्यकर्ता काफी खुश हुए। कार्यकर्ता चर्चा कर रहे थे कि प्रदेश अध्यक्ष ने अपने व्यस्ततम कार्यक्रमों को छोड़कर एक साधारण कार्यकर्ता के कार्यक्रम में पहुंचकर (शेष पृष्ठ-4 पर)



# पलायन करती प्रतिभाएं

यह खबर चौंकाने वाली है कि बीते साल विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या में 25 फीसदी की कमी आई है। जबकि अमेरिका जाने वाले छात्रों की संख्या में 36 और कनाडा जाने वाले छात्रों की संख्या में 34 फीसदी की कमी आई है। कमोबेश यही स्थिति ब्रिटेन की भी है। ये आंकड़े वर्ष 2024 के हैं। निश्चित तौर पर जब ट्रंप काल में उखाड़-पछाड़ के दौर के आंकड़े सामने आएंगे, तो वे ज्यादा चौंकाने वाले होंगे। एक समय था कि छात्रों में परदेस जाकर पढ़ाई करने का जुनून उफान पर था। हर साल मां-बाप खून-पसीने की कमाई से और अपना पेट काटकर बच्चों को पढ़ने के लिये विदेश भेज रहे थे। कहीं-कहीं तो खेत बेचकर और घर गिरवी रखकर बच्चों को विदेश पढ़ाने के लिए भेजने के मामले भी प्रकाश में आए। दरअसल, देश में बैंकों से एजुकेशन लोन मिलने की सुविधा ने भी छात्रों की विदेश यात्रा को सुगम बनाया। हर साल लाखों छात्र सुनहरे सपने लिये विदेश गमन कर रहे थे। ये जुनून पंजाब में विशेष रूप से देखा गया, जो कनाडा-अमेरिका आदि देशों में संपूर्ण भारत से जाने वाले छात्रों का साठ फीसदी था। जरूरी नहीं था कि ये सारे छात्र मेधावी थे और सब दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों में दाखिला पा रहे थे। इनमें कई विश्वविद्यालय ऐसे भी थे जो सिर्फ विदेशी छात्रों से कमाई करने के मकसद से चलाए जा रहे थे। वहीं कुछ विश्वविद्यालय ऐसे भी थे जो अवैध रूप से लोगों को विदेश भेजने वाले एजेंटों की कमाई का जरिया बने हुए थे। युवाओं को छात्र के रूप में इन देशों में भेजकर मोटी रकम वसूली जा रही थी। दरअसल, धीरे-धीरे छात्रों और उनके अभिभावकों को हकीकत का अहसास होता चला गया। उन्होंने महसूस किया कि वे मोटा पैसा खर्च करके जैसे-तैसे डिग्री तो पा सकते हैं, लेकिन ये नौकरी व ग्रीन कार्ड की गारंटी नहीं है। हां, कुछ छात्र किसी तरह छोटे-मोटे काम-धंधे करके अपनी पढ़ाई का खर्चा व घर का कर्जा उतारने का जुगाड़ जरूर कर लेते थे। दरअसल, धीरे-धीरे अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा सरकारों के दुराग्रहों व उनकी प्राथमिकताओं ने छात्रों को खुरदुरी जमीन के यथार्थ से रूबरू करा दिया। छात्रों को एजेंटों ने जो सब्जबाग दिखाए थे, उनकी हकीकत सामने आने लगी। इसके अलावा कोरोना काल के बाद बिखरती अर्थव्यवस्थाएं, नौकरी के आकर्षक प्रस्तावों में कमी, वीजा मिलने में हो रही दिक्कतें, इन देशों के गोरी चमड़ी वाले लोगों के भारतीयों पर बढ़े हमलों ने छात्रों में मोहभंग की स्थिति उत्पन्न कर दी। बीते साल अमेरिका में कई भारतीय छात्रों पर नस्लीय हमले हुए। कई छात्रों की हत्या हुई और अनेक घायल हुए। कनाडा व ब्रिटेन में भारत विरोधी अभियानों तथा कनाडा में जस्टिन ट्रूडो के भारत विरोधी रवैये ने भी छात्रों का मोहभंग किया। वैसे देखा जाए तो विदेशी मुद्रा अर्जित करने के बजाय हम हर साल अरबों रुपये इन देशों को भेज रहे थे। दूसरी ओर छात्रों के विदेश जाने के मोहभंग होने का सार्थक पहलू यह भी है कि अब ये प्रतिभाएं देश में रहकर राष्ट्र के विकास में योगदान दे सकती हैं। कुदरत का नियम है कि अपनी उर्वरा भूमि में ही पौधे अनुकूल वातावरण के चलते खिलते-निखरते हैं। ये हमारे नीति-नियंताओं की विफलता है कि आजादी के सात दशक बाद भी हम देश को अंतर्राष्ट्रीय मानकों वाले विश्वविद्यालय नहीं दे पाये। सामान्य शिक्षा में कौशल विकास के गुण को विकसित नहीं कर पाए। छात्रों में सरकारी नौकरियां पाने की लालसा को रचनात्मक विकल्प नहीं दे पाये। अमेरिका की सिलिकॉन वैली से लेकर आईटी से जुड़ी तमाम बड़ी कंपनियों को भारतीय प्रतिभाएं चला रही हैं। आखिर क्यों हम भारतीय मेधाओं को देश में ऐसा वातावरण नहीं दे पा रहे हैं, कि वे नई खोजों व अनुसंधान से देश को लाभान्वित कर सकें। भारत दुनिया में सबसे ज्यादा युवाओं वाला देश है। यदि हम उनकी क्षमता,योग्यता और प्रतिभा का बेहतर उपयोग नहीं कर पा रहे हैं, तो यह हमारी बड़ी नाकामी है। देश के सत्ताधीशों को इस दिशा में गंभीरता से सोचना होगा कि क्यों छात्रों में विदेश जाने की होड़ लगी रहती थी। छात्रों को अनुकूल वातावरण देकर ही विकसित भारत के संकल्प पूरे हो सकते हैं।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि उनका मुख शरद ( पूर्णिमा ) के चन्द्रमा के समान छबि की सीमास्वरूप था। गाल और ठोड़ी बहुत सुंदर थे, गला शंख के समान ( त्रिरेखायुक्त, चढ़ाव-उतार वाला ) था। लाल होठ, दाँत और नाक अत्यन्त सुंदर थे। हँसी चन्द्रमा की किरणावली को नीचा दिखाने वाली थी॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**नव अंबुज अंबक छबि नीकी। चितवनि ललित भावँतीजी की॥**
**भृकुटि मनोज चाप छबि हारी। तिलक ललाट पटल दुतिकारी॥**

नेत्रों की छवि नए (खिले हुए) कमल के समान बड़ी सुंदर थी। मनोहर चितवन जी को बहुत प्यारी लगती थी। टेढ़ी भौंहें कामदेव के धनुष की शोभा को हरने वाली थीं। ललाट पटल पर प्रकाशमय तिलक था॥

**कुंडल मकर मुकुट सिर भ्राजा। कुटिल केस जनु मधुप समाजा॥**
**उर श्रीबत्स रुचिर बनमाला। पदिक हार भूषन मनिजाला॥**

कानों में मकराकृत (मछली के आकार के) कुंडल और सिर पर मुकुट सुशोभित था। टेढ़े (घुँघराले) काले बाल ऐसे सघन थे, मानो भौंरों के झुंड हों। हृदय पर श्रीवत्स, सुंदर वनमाला, रत्नजड़ित हार और मणियों के आभूषण सुशोभित थे॥

**केहरि कंधर चारु जनेऊ। बाहु बिभूषन सुंदर तेऊ॥**
**मकरि कर सरिस सुभग भुजदंडा। कटि निषंग कर सर कोदंडा॥**

सिंह की सी गर्दन थी, सुंदर जनेऊ था। भुजाओं में जो गहने थे, वे भी सुंदर थे। हाथी की सूँड के समान (उतार-चढ़ाव वाले) सुंदर भुजदंड थे। कमर में तरकस और हाथ में बाण और धनुष (शोभा पा रहे) थे॥

(क्रमशः...)

# देश में समाप्त होने के कगार पर पहुंचा नक्सलवाद

पिछले छः दशकों से देश में नासूर बनकर उभरा नक्सलवाद अब समाप्त होने की कगार पर पहुंच गया है। देश के गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में घोषणा की है कि 31 मार्च 2026 तक देश में नक्सलवाद को समाप्त कर दिया जाएगा। गृह मंत्री द्वारा की गई यह एक बहुत बड़ी घोषणा है। गत 60 वर्षों से देश नक्सलवाद की समस्या से बुरी तरह पीड़ित रहा है। इस दौरान देश में कई सरकारें आई और चली गई मगर नक्सलवाद का नासूर दिनों-दिन बढ़ता ही रहा था। देश के कई प्रदेशों में तो बहुत बड़े हिस्से में नक्सलवादी अपनी समानांतर सरकार तक चलाते थे। नक्सलवाद प्रभावित जिलों में उनकी हुकूमत चलती थी। वहां केंद्र व राज्य सरकार का कोई असर नहीं दिखता था। नक्सलियों का फरमान ही अंतिम आदेश होता था जिसे लोग मानने को मजबूर थे।

मगर अब परिस्थितियों पूरी तरह बदल चुकी है। केंद्र सरकार की नक्सलवाद से मुक्ति के अभियान की सफलता से नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। कई बड़े-बड़े नक्सली कमांडर सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में ढेर हो चुके हैं या फिर उन्होंने सरेंडर कर अपनी जान बचा ली है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले दिनो कहा कि नक्सलवाद मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए भारत ने वामपंथी उग्रवाद से अति प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटाकर 6 कर दिया है। शाह ने नक्सलवाद को खत्म करने के लिए मोदी सरकार के दृष्टिकोण पर रोशनी डालते हुए और सभी क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने के लिए देश की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा था कि मोदी सरकार सर्वव्यापी विकास के लिए अथक प्रयासों और नक्सलवाद के खिलाफ दृढ़ रुख के साथ सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। हम 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

गृह मंत्रालय के अनुसार भारत में नक्सलवाद से प्रभावित जिलों की कुल संख्या पहले 38 थी। इनमें से सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या अब घटकर 6 हो गई है। साथ ही चिंता के जिलों और अन्य वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की संख्या में भी कमी आई है। नक्सलवाद से सबसे अधिक प्रभावित छह जिलों में अब छत्तीसगढ़ में चार जिले बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा झारखंड का पश्चिमी सिंहभूम जिला व महाराष्ट्र का गढ़चिरौली जिला शामिल है। इसके अतिरिक्त चिंता के जिलों की संख्या जिन्हें गहन संसाधनों और ध्यान की आवश्यकता है 9 से घटकर 6 रह गई है। ये जिले आंध्र प्रदेश में अल्लूरी सीताराम राजू, मध्य प्रदेश में बालाघाट, ओडिशा में कालाहांडी, कंधमाल और मलकानगिरी और तेलंगाना में भद्राद्री-कोठागुडेम हैं।

अन्य वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की संख्या जो नक्सली गतिविधि का भी सामना कर रहे हैं लेकिन कम हद तक 17 से घटकर 6 हो गई है। इनमें छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा, गरियाबंद और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चैकी, झारखंड का



**मगर अब परिस्थितियों पूरी तरह बदल चुकी है। केंद्र सरकार की नक्सलवाद से मुक्ति के अभियान की सफलता से नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। कई बड़े-बड़े नक्सली कमांडर सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में ढेर हो चुके हैं या फिर उन्होंने सरेंडर कर अपनी जान बचा ली है।**

लातेहार, ओडिशा का नुआपाड़ा और तेलंगाना का मुलुगु जिला शामिल हैं। इन जिलों को उनके पुनर्निर्माण और विकास में सहायता करने के लिए केंद्र सरकार विशेष केंद्रीय सहायता (एससीए) योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करती है। सबसे अधिक प्रभावित जिलों को 30 करोड़ रुपये मिलते हैं। जबकि सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में अंतराल को भरने के लिए चिंता वाले जिलों को 10 करोड़ रुपये आवंटित किए जाते हैं। इन क्षेत्रों की जरूरतों के अनुरूप विशेष परियोजनाओं को भी सरकार द्वारा वित्त पोषित किया जाता है।

नक्सलवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते वर्ष 2025 में अब तक केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा तैयार किए गए आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ों में कम से कम 130 नक्सली मारे गए हैं। इनमें से 110 से ज्यादा बस्तर संभाग में मारे गए जिसमें बीजापुर और कांकेर समेत सात जिले शामिल हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से 105 से अधिक नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और 2025 में अब तक 164 ने आत्मसमर्पण कर दिया है। वहीं इससे पहले वर्ष 2024 में 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज किया गया था 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया था। अभी तक कुल 15 शीर्ष नक्सली नेताओं को न्यूट्रलाइज किया जा चुका है।

वर्ष 2014 तक कुल 66 फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशन थे जबकि मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में इनकी संख्या बढ़कर 612 हो गई है। इसी प्रकार, 2014 में देश में 126 जिले नक्सलप्रभावित थे लेकिन 2024 में सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या घटकर मात्र 12 रह गई है। पिछले 5 वर्षों में कुल 302 नए सुरक्षा कैंप और 68 नाइट लैंडिंग हेलीपैड्स बनाए गए हैं।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2004 से 2014 तक देश में नक्सलवाद से जुड़ी 16,463 हिंसक घटनाएं हुई थीं। लेकिन पिछले 10 वर्षों में इसमें 53 प्रतिशत कमी आई है। वर्ष 2004 से 2014 तक विभिन्न नक्सली हमलों और नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान 1851 सुरक्षा कर्मियों की जान गई थी। लेकिन पिछले 10 साल में सुरक्षाबलों के हताहत होने की संख्या 73 प्रतिशत घटकर 509 रह गई है। वहीं 2004 से 14 के बीच नक्सली हमलों में 4,766 नागरिकों की मौत हुई थी। 2014 से 2024 के बीच यह आंकड़ा 70 प्रतिशत घटकर 1495 रह गया है।

गृह मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2025 में अब तक 90 नक्सली मारे जा चुके हैं, 104 को गिरफ्तार किया गया है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। वर्ष 2024 में 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज किया गया था, 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया था।

पिछले 20 वर्षों में 2,344 सुरक्षाकर्मियों ने नक्सलियों से लड़ते हुए अपनी जान गंवाई है पिछले दो दशकों में अकेले नक्सली हमलों में 6,258 लोग मारे गए हैं। जब देश में नक्सलवाद अपने चरम पर था तब 8 करोड़ लोगों को प्रभावित किया था। जिनमें मुख्य रूप से आदिवासी थे। यह आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में फैले एक लाल गलियारे के साथ 10 राज्यों में फैला हुआ था।

सरकार एक तरफ जहां नक्सलवाद को समाप्त करने की घोषणा कर रही है वहीं दूसरी तरफ शहरी नक्सलवाद जिसे अर्बन नक्सलवाद भी कहा जाता है तेजी से उभर रहा है। यह पारंपरिक ग्रामीण नक्सलवाद से अलग है क्योंकि इसका फोकस शहरों और शहरी इलाकों में होता है। शहरी नक्सली विचारधारा के समर्थक, जिनमें शिक्षाविद, छात्र, सामाजिक कार्यकर्ता और बुद्धिजीवी शामिल होते हैं नक्सलवादी विचारधारा का प्रचार-प्रसार करते हैं। वे विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक माध्यमों से अपनी विचारधारा फैलाते हैं और व्यवस्था के खिलाफ असंतोष को भड़काते हैं।

देश में नक्सलवाद के खिलाफ केंद्र सरकार के समग्र प्रयासों का असर दिखने लगा है। सरकार के प्रयासों का नतीजा है कि अब देश में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या में कमी हो रही है। सरकार ने नक्सलवाद-मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। देश में वामपंथी उग्रवाद से अति प्रभावित जिलों की संख्या में कमी आना इस आंदोलन की समाप्ति के संकेत है।

नक्सलवादी आंदोलनकारियों ने अपनी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों से देश को बहुत नुकसान पहुंचाया है। हजारों निर्दोष लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। वहीं बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों ने भी नक्सलवादी विरोधी अभियान में अपनी शहादत दी है। एक समय था जब देश के 10 प्रांतो में नक्सलवादियों की तूती बोलती थी। इन्होंने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू पर भी हमला कर दिया था। जगदलपुर में तो नक्सलवादियों ने कांग्रेस के कई बड़े नेताओं की हत्या कर सनसनी फैला दी थी।

मगर अब केंद्र सरकार की नीतियों के कारण एक तरफ जहां इन पर दबाव बढ़ा है वहीं उनके प्रभाव वाले क्षेत्रों में सरकार ने विकास की योजनाएं प्रारंभ कर उनका जन समर्थन समाप्त कर दिया है। कई बड़े नक्सली कमांडरो का एनकाउंटर होने के बाद डर कर बड़ी संख्या में नक्सली सरेंडर कर रहे हैं। जिससे आने वाले समय में नक्सल प्रभावित क्षेत्र में शांति व्याप्त होगी। जो सरकार व आमजन की एक बड़ी जीत होगी।

**- रमेश सर्राफ धमोरा**
**( लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं। )**

# उत्कृष्ट खिलाड़ी को कम से कम वजीफा तो दो

आज जब विज्ञान ने बहुत उन्नति कर स्वास्थ्य में जहां काफी सुधार किया है, वहीं पर खिलाड़ियों के उपकरणों व प्ले फील्ड में भी काफी सुधार हुआ है। यही कारण है कि पिछले बनाए गए कीर्तिमान आसानी से हर वर्ष टूटते रहते हैं। पहले जब खेल प्रतियोगिता होती थी तो आयोजक प्रतिभागियों को खाना व रहना देते थे। यात्रा किराया व दैनिक भत्ता राज्य खेल संघ दे देते थे, मगर अब यह सब खिलाड़ी को वहन करना पड़ता है। रेल में सीट आरक्षित करवाना भी बड़ी जंग जीतने से कम नहीं है। खिलाड़ी कम थके, इसलिए हवाई यात्रा भी करना जरूरी हो जाता है। खिलाड़ियों के प्रयोग में होने वाले जूते व किट बहुत महंगी आती है। एक प्रतियोगिता का खर्चा पचास हजार रुपए तक पहुंच जाता है। सामान्य परिवार का बच्चा कैसे राष्ट्रीय स्तर खेल कर पाएगा, कभी सोचा है। खेलों को राज्य सूची का विषय बना रखा है। केन्द्र व राज्य अपनी अपनी सुविधा अनुसार जब चाहे पला झाड़ लेता है। खिलाड़ी प्रदेश व देश के लिए गौरव लाता है तो फिर सरकारें प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सीधा वजीफा क्यों नहीं देती हैं। एथलेटिक्स, कुश्ती, मुक्केबाजी व अन्य कई खेल हैं जिनमें हिमाचल के स्टार राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बहुत बढ़िया प्रदर्शन कर रहे हैं, मगर खेल जारी रखने के लिए उन्हें काफी धन की जरूरत होती है। इसलिए अधिकतर खिलाड़ियों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है।

मानव शरीर ईश्वर द्वारा बनाई गई बहुत ही अद्भुत मशीन है। इसे चलाने के लिए भी ईंधन की जरूरत होती है। मानव शरीर के ऊर्जा चक्र को समझने के लिए हमें एटीपी से लेकर सीपी, लैक्टिक एसिड, शरीर से ऑक्सीजन की उधारी व सांस द्वारा ऑक्सीजन का फेफड़ों में पहुंच कर खून के साथ मिलकर फिर सैल का पहुंच कर शरीर को गतिशील बनाए रखने का गहन अध्ययन जरूरी है। सौ से लेकर चार सौ मीटर की दौड़ों को तेज गति में गिना जाता है। गति ही सभी स्पर्धाओं व खेलों की जीत का मूल मंत्र है। यह खिलाड़ी में जन्मजात होती है। प्रशिक्षण द्वारा भी इसमें बहुत ही कम एक उम्र तक विकास होता है। ओलंपिक खेलों में विभिन्न खेलों की कई स्पर्धाएं आयोजित होती हैं, मगर एथलेटिक्स का आकर्षण सबसे अधिक होता है। ओलंपिक में जो धावक सौ मीटर की दौड़ में विजेता बनता है, वह पृथ्वी का तीव्रतम इनसान बनता है। सौ मीटर की दौड़ का अद्भुत रोमांच होता है। हिमाचल प्रदेश में तेज गति के बहुत कम धावक व




धाविकाएं आज तक सामने आए हैं। सौ मीटर से लेकर चार सौ मीटर की स्पर्धाओं को स्परिंट यानी तेज गति की दौड़ों में रखा है। इन स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए जहां जन्मजात स्पीड चाहिए होती है, वहीं पर बहुत अधिक स्पीड इंडोरैंस व स्ट्रैंथ ट्रेनिंग की जरूरत होती है। जहां उच्च कोटि का प्रोटीन आम आदमी को आसानी से उपलब्ध होता है, वहीं के लोगों में अच्छी स्पीड जन्म से ही होती है। स्पीड को बहुत छोटी उम्र से ही विकसित करना पड़ता है। इसलिए स्पीड पर प्रशिक्षण दस वर्ष से भी कम आयु में शुरू करना पड़ता है। अगले पांच सालों में स्पीड अपने उच्च स्तर तक विकसित हो जाती है। यह भी कहा जाता है कि स्परिंटर पैदा होते हैं, बनाए नहीं जाते। भारत के अधिकतर स्परिंटर समुद्र तट से संबंध रखते हैं। मछली इन लोगों का मुख्य आहार है। मछली में अच्छी गुणवत्ता का प्रोटीन मिलता है। उत्तर भारत में शाकाहारी अधिक हैं, मगर गेहूं, दूध उससे बने पदार्थों में भी अच्छी क्वालिटी का प्रोटीन मिलता है। यह भी कारण है कि पंजाब, हरियाणा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश से भी समय-समय पर अच्छे स्परिंटर मिलते रहते हैं और जिस किशोर खिलाड़ी में स्परिंट जितनी अधिक होगी, वह उतना ही अच्छा किसी भी खेल का खिलाड़ी बनेगा। प्रदेश से वरिष्ठ राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पुष्पा ठाकुर ही एकमात्र धाविका है जो हिमाचल प्रदेश के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 400 मीटर में पदक विजेता है। एशिया व ओलंपिक खेलों के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों तक पहुंचने वाली इस धाविका के बाद अभी तक कोई भी पुरुष या महिला हिमाचल प्रदेश के लिए वरिष्ठ राष्ट्रीय स्तर का पदक नहीं जीत पाई है। आज फिर राज्य में विभिन्न खेलों सहित तेज गति के उभरते हुए खिलाड़ी व एथलीट हैं जिनको वजीफे की बहुत अधिक 2026 में जरूरत है। इनके पास नौकरी नहीं है।

सामान्य परिवारों से इनका संबंध है और जो हिमाचल से पलायन कर गए हैं, हिमाचल सरकार सम्मानजनक नौकरी दे तथा इन सभी एथलीटों को 2026 खेलों तक वजीफा भी दे। इस स्तर पर अपना अभ्यास जारी रखने के लिए महीने में पचास हजार रुपए चाहिए होते हैं। जो नौकरी में हैं वो तो बहुत कठिनाई से अपने वेतन से कुछ न कुछ जुगाड़ कर लेते हैं, मगर जो विद्यार्थी व बेरोजगार हैं, वे कैसे अपना अभ्यास जारी रखें, यह हिमाचल सरकार को सोचना होगा। क्या प्रदेश सरकार कुछ उपकार इन प्रतिभाशाली एथलीटों पर करेगी ताकि वे फ्री माइंड होकर अपना प्रशिक्षण जारी रख सकें। खिलाड़ी बनाए नहीं जाते हैं, वे जन्म से ही अलग होते हैं। लाखों बच्चों में कोई एक प्रतिभाशाली एथलीट मिलता है। समाज व सरकार का दायित्व है कि वे भविष्य में देश को गौरव दिलाने वाले अति प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को गोद लेकर उन्हें वे सब सुविधाएं उपलब्ध करवाएं जो एक विश्व विजेता को अपने शुरुआती दौर में यूरोप व अमेरिका के देश देते हैं।

**-भूपिंद्र सिंह**
**अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रशिक्षक**

# राशिफल

**बैशाख कृष्ण पक्ष षष्ठी**

**(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
आमदनी में वृद्धि होगी। कुटुंबों में वृद्धि होगी। शब्द-साधक की तरह व्यवहार करेंगे।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
सुकुमारता के प्रतीक बने रहेंगे। आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। शुभता के प्रतीक बने रहेंगे।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
खर्च की अधिकता रहेगी, हालांकि शुभ कार्यों में खर्च होगा। प्रेम-संतान की स्थिति मध्यम।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
शुभ समय। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नवीन स्रोत बनेंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगा। राजनीतिक लाभ होगा। व्यापारिक संतुलन बनेगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भाग्य साथ देगा। रोजी-रोजगार में तरक्की होगी। यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी होगी। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम-संतान अच्छा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
शत्रु भी मित्रवत व्यवहार करेंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी व व्यापार अच्छा रहेगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
संतान की स्थिति बहुत अच्छी है। प्रेम की स्थिति बहुत अच्छी है। व्यापारिक दृष्टिकोण से भी शुभ संकेत।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी के प्रबल योग बन रहे हैं। घर में कुछ उत्सव हो सकता है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान का साथ होगा।

# आगामी कार्यक्रमों को लेकर भाजपा की बैठक आयोजित

**गेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भाजपा ज़िला कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन पार्टी संगठन के आगामी कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर आयोजित की गई बैठक में जिला इकाई मंडल प्रभारी मंडल अध्यक्ष मोर्चा अध्यक्ष प्रकोष्ठ संयोजकों के साथ कार्यक्रम की कार्य योजना तैयारी की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने की बैठक का संचालन जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कोरी व जिला उपाध्यक्ष पवन नागर ने किया।



बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने 14 अप्रैल को बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर जयन्ती जनपद गौतमबुधनगर दादरी विधानसभा व ज़ेवर विधानसभा के सभी बूथों पर मनायी गई और उन्होंने कहा कि अंबेडकर जी कभी कांग्रेस पार्टी ने उन्हें कोई सम्मान नहीं दिया सदैव उनका निरादर किया पहले मंत्री मंडल में से इस्तीफ़ा देने को मजबूर किया और उनको लोकसभा चुनाव में हराने के लिये कांग्रेस के द्वारा षड्यंत्र रचे गये पार्टी द्वारा जीएनआईओटी कॉलेज नॉलेज पार्क ग्रेटर नोएडा में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के सम्मान में एक जिला स्तर गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन 20 अप्रैल 2025 में होगा कार्यक्रम में अनुसूचित वर्ग के लोग गोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे उसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा बाबा साहेब के कार्यों के विषय में बताकर जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है और उन्होंने कहा वन नेशन वन चुनाव को लेकर भाजपा द्वारा जन जागरण अभियान चलाया जायेगा एवं वक़्फ़ संशोधन क़ानून के लिये जो विपक्ष सपा कांग्रेस के द्वारा भ्रांतियां फैला रहा है विपक्ष के झूठ और भ्रम जाल को दूर करने के लिये वक़्फ़ सुधार जन जागरण अभियान से बताने का कार्य करेंगे।

इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता सुभाष भाटी जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज मनोज गर्ग कार्यक्रम संयोजक धर्मेन्द्र कोरी पवन नागर जिला उपाध्यक्ष देवा भाटी सुनील भाटी सतेन्द्र नागर मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य पवन रावल सत्यपाल शर्मा गुरुदेव भाटी वीरेन्द्र भाटी विकास चौधरी अमित पंडित अरुण प्रधान अर्पित तिवारी राजीव सिंघल सांसद प्रतिनिधि बलराज भाटी सतपाल तालान धर्मेन्द्र भाटी इंदर नागर कपिल गुर्जर इंदरजीत टाइगर दिनेश भाटी रजनी तोमर युवा मोर्चा अध्यक्ष राज नागर ओमकार भाटी अमन कौशिक जितेंद्र भाटी विमल पुंडीर पंकज रावल सुनील रावत संजय भाटी रणधीर राणा महेंद्र नागर सरफ़राज़ अली मनोज भाटी मुकेश चौहान विजय कसाना विजय रावल नीतीश भाटी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


## शिक्षक संघ की लखनऊ में हुई बैठक

**गेटर नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की प्रांतीय बैठक शिक्षक भवन रिसालदार पार्क लखनऊ में संपन्न हुई जिसमें प्रांतीय अध्यक्ष द्वारा सभी शिक्षकों से संबंधित समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई जिसमें मुख्यत: बीटीसी 2001 विशिष्ट बीटीसी 2004 बीटीसी 2004 एवं अन्य ऐसे शिक्षक जिनका विज्ञापन1 अप्रैल 2005 से पूर्व हुआ हो परंतु नियुक्ति उसके पश्चात हुई हो के साथ-साथ अन्य सभी अध्यापकों को पुरानी पेंशन दी जाए।

पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालयों का समय 7 बजे से 12 बजे तक किया जाए अंतर्जनपदीय स्थानांतरण व नामांकन के समय छात्रों के आधार कार्ड बनवाने के नियमों में शिथिलता प्रदान की जाए आदि अन्य समस्याओं को लेकर 1 मई 2025 को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना देकर जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा।

बैठक में जिला गौतमबुद्धनगर की तरफ से जिला अध्यक्ष प्रवीण शर्मा जेवर ब्लॉक के अध्यक्ष हेमराज शर्मा जिला संगठन मंत्री ठाकुर विनोद सिंह वह ब्लॉक मंत्री दनकौर रामकुमार शर्माआदि उपस्थित रहे।

## कविता



डॉ. कृष्णावतार त्रिपाठी (राही)
ज्ञानपुर (भदोही)

### (सदन में जूते चले)

**लखनऊ-दिल्ली में देखो, नित नया दंगल चले**
**हाथ-पांव न चल सके पर रोज कर छल बल चले**

**आजकल वह इस तरह से, दल बदलने लगे हैं**
**शेष दल-दल रह गया, किस तरह कोई दल चले**

**इन विधायक-सांसदों की, देखिए करतूत प्यारे।**
**सदन में जूते चले, डंडे चले- चप्पल चले**

**खींचता कोई इधर, कोई उधर सरकार को**
**जाने कैसे मंत्रियों का, फिर भी यह मंडल चले**

# भाजपा ने निकाली जनआक्रोश यात्रा

**गेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा व युवा मोर्चा अध्यक्ष राज नागर के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी कार्यालय से लेकर तिलपता गोलचक्कर तक जन आक्रोश मार्च निकाला गया।

यह आक्रोश यात्रा नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं सोनिया गांधी पर ईडी द्वारा चार्जशीट फाइल होने पर निकाली गई।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहां कि कांग्रेस पार्टी इस देश में घोटालो की जननी है, कांग्रेस के शासनकाल में भ्रष्टाचार एवं घोटाले अपने चरम सीमा पर पहुंचे, असंख्य घोटालो एवं भ्रष्टाचार की कड़ी में नेशनल हेराल्ड केस भी कांग्रेस द्वारा किया गया एक अनूठा उदाहरण है, इसमें राहुल गांधी, सोनिया गांधी को देश




की संपत्तियां लूटकर उनका दुरुपयोग करने के लिए खुला छोड़ दिया गया, समाचार पत्र के नाम पर देश की परिसंपत्तियों की खुली लूट के विरोध में भारतीय जनता पार्टी सदैव खड़ी रहेगी।

इस अवसर पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राज नागर ने कहा कि एसोसिएट जनरल एवं नेशनल हेराल्ड परिवार का घोटाला मनी लोडिंग से जुड़ा हुआ 661 करोड़ का घोटाला है, सोनिया गांधी व राहुल गांधी एवं उनके तथाकथित पालतू दरबारी मनी लांड्रिंग केस में सीधे-सीधे मुजरिम है, भारतीय जनता पार्टी के लोग इनकी गिरफ्तारी की पुरजोर मांग करते हैं।

जन आक्रोश यात्रा में वरिष्ठ नेता सुभाष भाटी, देवेंद्र त्यागी, दीपक भारद्वाज, धर्मेंद्र कौरी, मनोज गर्ग, सुनील भाटी, पवन नागर, सत्येंद्र नागर, देवा भाटी, कर्मवीर आर्य, अमित पंडित, ओमकार भाटी, अरुण शर्मा, वीरेन्द्र भाटी ,चेतन वशिष्ठ, ठाकुर शक्ति रावल, बालेश्वर नागर, बृजेश ठाकुर, अनुराग शर्मा, ऋषभ शर्मा, श्याम रावत, इंद्र नागर, रवि जिंदल, बलराज भाटी, पवन रावल, रजनी तोमर, संगीता तिवारी, गायत्री तिवारी, अखिलेश नागर, जितेंद्र भाटी, अर्पित तिवारी, मुकेश चौहान, धीर राणा, महेंद्र प्रधान, महेश शर्मा, इंद्रजीत टाइगर, सतीश भाटी, आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर जंतर-मंतर पर देंगे धरना

**गेटर नोएडा (चेतना मंच)।** विकासखंड दादरी पर अटेवा




(पुरानी पेंशन बहाली मंच) की मीटिंग की गई । जिला संयोजक रविंद्र सिंह ने बताया कि 1 मई को दिल्ली जंतर मंतर पर पुरानी पेंशन को लेकर आंदोलन को सफल बनाने के लिए मीटिंग की गई।

संघ के जिला संरक्षक हरलाल सिंह ने जिले से अधिक से अधिक संख्या में लोगों से दिल्ली जाने की अपील की। बैठक का संचालन जिला महामंत्री जगबीर भाटी ने किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार के आह्वान पर प्रदेश के समस्त शिक्षक, कर्मचारी एक मई को जंतर मंतर पर पुरानी पेंशन बहाली को लेकर धरना देंगे।मीटिंग में संघ का विस्तार भी किया गया।इस अवसर पर कमलेश यादव. जिला उप महामंत्री ,सत्येंद्र कुमार. ब्लॉक उपाध्यक्ष अटेवा बिसरख अजय कुमार. ब्लॉक उपाध्यक्ष जेवर मनोनीत किए गए। ब्लॉक अध्यक्ष दनकौर दीपक भाटी ब्लॉक अध्यक्ष दादरी रोहतास कुमार ब्लॉक महामंत्री श्री वेद प्रकाश ने अपने विचार रखें। ब्लॉक मंत्री श्री रमेश कुमार यादव, आशुतोष चौधरी, मुकेश गुप्ता, छत्रपाल सिंह, टीटू सिंह, संजय खारी, योगेश कुमार गौतम सिंह, जितेंद्र कुमार, कमलेश चंद परमेश्वर , जगदीश चंद्र, आदि अन्य लोग उपस्थित रहे।



**सूरजपुर में चल रहे बाराही मेला में कल कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपक भाटी (चोटीवाला) पहुंचे। इस अवसर पर मेला समिति द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस पर जिलाध्यक्ष दीपक भाटी ने मेला समिति के पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।**

बाराही मेला सूरजपुर.2025

# लोक संस्कृति और भक्ति रस की अनुपम छटा आठवें दिन भी उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

**गेटर नोएडा (चेतना मंच)।** सूरजपुर स्थित प्राचीन बाराही धाम



में आयोजित बाराही मेला के आठवें दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में भक्ति, हास्य और मनोरंजन का संगम देखने को मिला। क्षेत्रीय लोक संस्कृति से जुड़ी रागनियों, नृत्य, गीत.संगीत और बाल प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

प्रवीण रजापुरिया और नेहा शर्मा एंड पार्टी के कलाकारों रुस्तम सागर (धमेड़ा) लेखपाल भाटी, प्रवेश शर्मा और नीतू तोमर ने एक से बढ़कर एक रागनियाँ प्रस्तुत कीं और दर्शकों की जमकर तालियाँ बटोरीं। वहीं कविता चौधरी और तनु ठाकुर ने नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर माहौल को जीवंत कर दिया। प्रवीण रजापुरिया और नेहा शर्मा द्वारा रामायण प्रसंग से सीता हरण और महाभारत प्रसंग से द्रौपदी चीरहरण पर आधारित रागनियाँ प्रस्तुत की गईं, जिनकी भावनात्मक गहराई ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

प्रवीण रजापुरिया की स्वर लहरियों में जैसे ही गूंजी, पूरे प्रांगण में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी।

प्रवीण रजापुरिया और नीतू तोमर द्वारा जीजा.साली के रिश्ते पर आधारित हास्य.रागनी ---मेरी गाती के हाथ तू लगाइयो मतना। हो मेरी छोटी साली तू घबराइयो मतना।।... ने लोगों को खूब हँसाया और ठहाकों से माहौल रंगीन कर दिया।

सूरजपुर के हरफनमौला कलाकार प्रलय किशोर ने श्रोमियो नाम मेरा.... और आना तू पान की दुकान पर 3.30 बजे् जैसे गीतों की प्रस्तुति दी, जिन पर युवाओं ने तालियों से स्वागत किया। उधर राजेश भाटी मकोड़ा और धर्मेंद्र भड़ाना ने भी अपनी दमदार प्रस्तुतियों से मंच पर जोश भर दिया। लॉर्ड गणेश पब्लिक स्कूल सूरजपुर के नन्हे.मुन्ने बच्चों ने---बजाओ ढोल खुशी के, मेरे राम आए हैं। जैसे गीतों पर भावपूर्ण प्रस्तुति दी और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मुख्य अतिथि के रूप में श्री रामलीला कमेटी ग्रेटर नोएडा के अध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह, महासचिव बिजेन्द्र सिंह आर्य और समाजसेवी हरेंद्र सिंह भाटी ने कार्यक्रम में शिरकत की। सरदार मंजीत सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि सूरजपुर का बाराही मेला गौतमबुद्धनगर का सर्वश्रेष्ठ मेला है। शीघ्र ही यहां बाराही माता का भव्य मंदिर बनेगा, जिसके लिए रामलीला कमेटी, शिव मंदिर सेवा समिति को हरसंभव सहयोग देगी।

बिजेन्द्र सिंह आर्य ने बाराही मेले की ऐतिहासिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह मेला प्राचीन काल से गेहूं की फसल कटाई से पहले आयोजित होता रहा है। वर्ष 2001 से शिव मंदिर सेवा समिति ने इसे एक नई भव्यता दी है और आज यह मेला एनसीआर् का सबसे प्रतिष्ठित आयोजन बन चुका है। सूरजकुंड मेले से अधिक अब लोग सूरजपुर के बाराही मेले को याद करते हैं। समाजसेवी हरेंद्र सिंह भाटी ने भी मेले की ऐतिहासिकता और सांस्कृतिक महत्त्व को रेखांकित करते हुए अपने विचार साझा किए।

शिव मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष धर्मपाल भाटी, महामंत्री ओमवीर बैसला, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सिंघल, मीडिया प्रभारी मूलचंद शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजेंद्र ठेकेदार, जगदीश भाटी एडवोकेट, योगेश अग्रवाल, भाई केडी गुर्जर, रुपेश चौधरी, रवि भाटी, दीपक भाटी एडवोकेट, पवन जिंदल, विनोद पंडित तेलवाले और सुभाष शर्मा (जींस फैक्ट्री वाले) समेत सभी पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथियों और कलाकारों का माल्यार्पण व स्मृति चिह्न भेंट कर भव्य स्वागत किया।




**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/टी. आर. एस. पूर्वोत्तर रेलवे, लोको शेड गोण्डा द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नाम, निविदा सूचना संख्याः-** LS-GD-2025-Modify-CBC-R2, "आरडीएसओ संशोधन के अनुसार सीबीसी कपलर ऑपरेटिंग हैंडल को बॉटम से टॉप ओपेराटेड का संशोधन।" **अनुमानित लागत (रू में):-** ₹ 7,90,825.86, **निविदा की अवधि:-** 24 माह, **अग्रिम धन राशि (रू में):-** ₹15,800.00, **निविदा सूचना संख्या:-** LS-GD-2025-Ovh-Comp-R, "1 वर्ष के लिए गोण्डा और गोरखपुर इलेक्ट्रिक इंजनों के मुख्य कंप्रेसर की ओवरहालिंग" **अनुमानित लागत (रू मे):-** ₹ 46,03,263.85, **निविदा की अवधि:-** 12 माह, अग्रिम धन राशि (रू मे) ₹ 92,100.00, • ऑफर अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 09.05.2025, 12:00 बजे।, • इस ई-निविदा से संम्बंधित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अर्हताये तथा नियम एवं शर्ते, रेलवे की बेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।, • निविदाकार, ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा से संम्बंधित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाईट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करे।

**समंविइं/टीआरएस, लोको शेड गोण्डा**

मुजाधि/विद्युत-07

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**

**दैनिक चेतना मंच**

**भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।**

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

**RNI No. 69950/98**

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर

### वीआईएल के नेटवर्क में सेवाएं बहाल

**नई दिल्ली।** वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) के उपयोगकर्ताओं को शुक्रवार तड़के नेटवर्क में व्यवधान का सामना करना पड़ा। कंपनी ने कहा कि यह व्यवधान ह्यतकनीकी समस्या के कारण हुआ था। समस्या का अब समाधान कर दिया गया है और अब सभी सेवाएं अब सामान्य हो गई हैं। वीआईएल के प्रवक्ता ने कहा कि शुक्रवार 18 अप्रैल तड़के तकनीकी समस्या के कारण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में हमारी नेटवर्क सेवाएं कुछ समय के लिए प्रभावित हुईं। समस्या का समाधान कर लिया गया है और सभी सेवाएं अब सामान्य हो गई हैं। प्रवक्ता ने कहा कि इससे हुई किसी भी असुविधा के लिए हम क्षमा चाहते हैं। हमारे उपयोगकर्ताओं का धैर्य रखने के लिए शुक्रिया अदा करते हैं।

### एफएमसीजी कंपनी आईटीसी कर सकती है बड़ी कंपनी का अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** देश की दिग्गज एफएमसीजी कंपनी आईटीसी ने एक बड़े अधिग्रहण की जानकारी दी। एक्सचेंज को दी फाइलिंग में कंपनी ने बताया कि वह 24 मंत्रा ऑर्गेनिक ब्रांड के तहत जैविक पैकेज्ड खाद्य उत्पादों के निर्माण और बिक्री में लगी श्रेष्ठा नेचुरल बायोप्रोडक्ट्स का लगभग 472.50 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करेगी। आईटीसी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि उसने श्रेष्ठा नेचुरल बायोप्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (एसएनबीपीएल) में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अधिग्रहण से कंपनी के कारोबार को और मजबूती मिलेगी, ऐसे में सोमवार को आईटीसी के शेयरों पर इसका असर देखने को मिल सकता है। कंपनी ने कहा कि यह अधिग्रहण कंपनी के भविष्य के लिए तैयार पोर्टफोलियो को बढ़ाने की रणनीति के अनुरूप है, यह लेनदेन भारतीय और विदेशी दोनों बाजारों में उच्च विकास वाले जैविक उत्पाद खंड में आईटीसी की उपस्थिति और बाजार की स्थिति को मजबूत करेगा। एसएनबीपीएल के पोर्टफोलियो में 100 से अधिक जैविक उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला शामिल है। आईटीसी ने कहा कि शेयर अधिग्रहण वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में या पार्टियों द्वारा आपसी सहमति से तय की गई किसी बाद की तारीख में पूरा होने की उम्मीद है।

### महिंद्रा के दो लेटेस्ट वर्जन लांच होंगे 2026 तक

**नई दिल्ली।** स्वदेशी कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा अपनी दो सबसे ज्यादा बिकने वाली एसयूवी थार और एक्सयूवी700 के फेसलिफ्ट वर्जन पर काम कर रही है। कंपनी के यह लेटेस्ट वर्जन 2026 तक लॉन्च किए जाएंगे। थार को साल 2020 में और एक्सयूवी700 को 2021 में बाजार में उतारा गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक थार फेसलिफ्ट कोडनेम डब्ल्यू515 के तहत तैयार की जा रही है, जिसका डिजाइन थार रॉक्स से प्रेरित होगा। इसमें डबल-स्टैक्ड स्लॉट वाली नई ग्रिल, सी-शेप्ड एलईडी सिग्नेचर हेडलाइट और टेल-लाइट, नया बंपर, बॉडी क्लैडिंग और नए डिजाइन वाले अलॉय व्हील्स शामिल होंगे। इंटीरियर में भी नया स्टीयरिंग व्हील, रीमैप किए गए बटन, बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और हार्ड-टॉप वर्जन में सनरूफ जैसी सुविधाएं जोड़ी जाएंगी।

### पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** भारतीय पेट्रोलियम कंपनियों ने शुक्रवार को सुबह 6 बजे ईंधन के नए दाम जारी कर दिए हैं। जारी रेट के अनुसार आज भी भी पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। हालांकि कच्चे तेल की बात करें तो अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 65-78 डॉलर प्रति बैरल, जो कि पिछले दिनों के मुकाबले कम है। दिल्ली में पेट्रोल 94.77 रुपए लीटर, डीजल 87.67 रुपए लीटर मुंबई में पेट्रोल 103.50 रुपए, डीजल 90.03 रुपए, कोलकाता पेट्रोल 105.01 रुपए, डीजल 91.82 रुपए, चेन्नई में पेट्रोल 100.80 रुपए, डीजल 92.39 रुपए, नोएडा में पेट्रोल 94.87 रुपए, डीजल 88.14 रुप, बेंगलुरु में पेट्रोल 102.92 रुपए/लीटर, डीजल 88.99 रुपए।

# यूएस टैरिफ से कमजोर होगी वैश्विक अर्थव्यवस्था : आईएमएफ




एजेंसी

**वाशिंगटन।** आईएमएफ ने जारी किया अपना अनुमान, जिसमें कहा गया है कि अमेरिकी टैरिफ में वृद्धि से वैश्विक अर्थव्यवस्था कमजोर होगी। इसके अलावा, आईएमएफ ने भविष्यवाणी की है कि इस वर्ष मुद्रास्फीति बढ़ेगी। प्रमुख निदेशक ने ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए शुल्कों से वैश्विक अनिश्चितता में वृद्धि की चेतावनी देते हुए कहा था कि दुनिया भर में मंदी का कारण नहीं बनेगी। आईएमएफ ने व्यापार विकृतियों का भी जिक्र किया और व्यापार बाधाओं को कम करने की अपील की। वे मानते हैं कि अनिश्चितता महंगाई के कारण बन सकती है और इससे व्यापार बाधाएं विकास को तुरंत प्रभावित कर सकती हैं। आईएमएफ के अनुसार वित्तीय बाजारों में उथल-पुथल देखने की संभावना है जिससे अर्थव्यवस्था पर अवरोध आ सकता है। समाचार राज्यों और गिरींदारे के व्यावसायिक और वित्तीय संकेतों पर है, उम्मीद है कि निवेशक इस चेतावनी को समझें और संभावित असरों पर ध्यान दें। इस स्थिति में, राजनीतिज्ञों और नीति निर्माताओं को सुरक्षित संरचना और सावधानी से कार्रवाई करने की आवश्यकता है ताकि विश्व अर्थव्यवस्था को बचाया जा सके।

## इस्पात व एल्यूमिनियम पर शुल्क लगाने का निर्णय सुरक्षा के आधार पर लिया : अमेरिका



**नई दिल्ली।** अमेरिका ने विश्व व्यापार संगठन से कहा है कि इस्पात और एल्यूमिनियम पर शुल्क लगाने का निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर लिया गया है। इस निर्णय को भारत ने बचाव के लिए उठाया गया कदम नहीं माना, जिससे अमेरिका के साथ भारत के बीच नए विवाद का संकेत मिल रहा है। अमेरिका ने 11 अप्रैल को भारत के साथ डब्ल्यूटीओ के बचाव समझौते के तहत परामर्श का अनुरोध किया था, लेकिन इसका जवाब नकारात्मक रहा। इस नए विवाद के बीच भारत और अमेरिका के बीच संवाद की मांग की जा रही है। अमेरिका ने इस्पात और एल्यूमिनियम पर शुल्क लगाने का निर्णय धारा 232 के तहत राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर लिया है, जिससे उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा को दरकिनार किया जा सके। यह निर्णय शुल्क और व्यापार पर सामान्य समझौते के तहत सुरक्षा अपवाद के तहत रखा जा रहा है। भारत ने इस निर्णय को खारिज किया है और कहा है कि ये मूलतः बचाव के लिए उठाए गए कदम हैं, जिससे भारत के उत्पादकों को नुकसान हो सकता है। इस विवाद के हल के लिए भारत और अमेरिका के बीच वार्ता की जरूरत महसूस की जा रही है।

## मोटोरोला ने लांच किया मोटो बुक 60



एजेंसी

**रांची।** मोबाइल तकनीकी और नवाचार में वैश्विक लीडर और भारत के प्रमुख एआई स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला, ने भारतीय बाजार में अपने पहले लैपटॉप, मोटो बुक 60 को वैश्विक स्तर पर लॉन्च कर अपनी इकोसिस्टम पेशकश को और मजबूत किया है। यह लॉन्च ब्रांड की इस दृष्टिकोण के अनुरूप है कि उपयोगकर्ताओं को डिवाइसों के बीच सहज कनेक्टिविटी और एक सहज इकोसिस्टम अनुभव प्रदान किया जाए। डिजाइन और नवाचार में नेतृत्व की विरासत को आगे बढ़ाते हुए, मोटो बुक 60 दो शानदार पैंटोन क्यूरेटेड रंगों - ब्रॉन्ज ग्रीन और वेजवुड में उपलब्ध है। केवल 1.39 किलोग्राम वजन में, मोटो बुक 60 एक बेहद हल्का और पतला लैपटॉप है, जिसमें अंदर जबरदस्त पावर है। इसकी आकर्षक लुक्स इसके ऑल-मेटल बॉडी, वाइब्रेंट कलर्स और मिलिट्री-ग्रेड ड्यूरबिलिटी के कारण इसे और भी खास बनती है। स्मार्ट कनेक्ट के साथ, मोटो बुक 60 एक सहज और एकीकृत डिजिटल अनुभव का सेंट्रल हब बन जाता है। इसे प्रोडक्टिविटी और क्रिएटिविटी बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है, और स्मार्ट कनेक्ट यूजर्स को उनके मोटो बुक 60 को स्मार्टफोन, टैबलेट और अन्य डिवाइसेज से कनेक्ट करने की सुविधा देता है, जिससे यह एक फ्लूइड और कनेक्टेड इकोसिस्टम बनाता है। स्मार्ट क्लिपबोर्ड की सुविधा से यूजर्स बिना किसी कठिनाई के डिवाइसेज के बीच कंटेंट को कॉपी और पेस्ट कर सकते हैं, जबकि स्वाइप टू शेयर एक आसान इशारे से कंटेंट को जल्दी और सहजता से शेयर करने की सुविधा देता है। इसके अलावा, फाइल ट्रांसफर यूजर्स को डिवाइसेज के बीच फाइल ट्रांसफर को तेज और बिना किसी परेशानी के करने की सुविधा प्रदान करता है।

## सैमसंग ने एआई-पावर्ड होम अप्लायंसेज रिमोट मैनेजमेंट टूल किया लांच



एजेंसी

**रांची।** सैमसंग ने एक नई सुविधा होम अप्लायंसेज रिमोट मैनेजमेंट टूल शुरू की है। यह एक स्मार्ट तकनीक है जो आपके घर के सैमसंग उपकरणों की परेशानी को दूर बैठे पहचानने और ठीक करने में मदद करती है। इससे सर्विस का इंतजार कम होता है और ग्राहकों को तेज और बेहतर सुविधा मिलती है। अब सैमसंग के टेक्नीशियन एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से प्रॉब्लम को जल्दी समझकर हल कर सकते हैं। इससे जरूरी नहीं कि हर बार टेक्नीशियन आपके घर आए। यह नई तकनीक तेज समाधान देती है, जिससे ग्राहकों को कम परेशानी होती है और उन्हें बेहतर अनुभव मिलता है। सैमसंग की यह सुविधा कस्टमर सर्विस का तरीका बदल रही है और स्मार्ट होम डिवाइसेज से जुड़ाव को और आसान बना रही है। सुनील कुटिन्हा, वाइस प्रेसिडेंट, कस्टमर सैटिस्फैक्शन, सैमसंग इंडिया ने कहा कि सैमसंग सर्विस घरेलू उपकरणों की समस्याएं पहचानने में सबसे आगे है। हमारी स्मार्ट डायग्नोस्टिक्स सर्विस से ग्राहकों की दिक्कतें जल्दी हल हो जाती हैं और ज्यादातर मामलों में टेक्नीशियन को घर बुलाने की जरूरत भी नहीं पड़ती। यह तकनीक न सिर्फ समय बचाती है, बल्कि तेज समाधान देती है और आपके डिवाइस की सही देखभाल कैसे करें, इसकी भी पूरी जानकारी देती है।

### टैरिफ वॉर का असर इंदौर पर, शिपिंग यार्ड में कंटेनरों की संख्या बढ़ रही

**इंदौर।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुरू किए गए टैरिफ वॉर का असर इंदौर में भी दिख रहा है। टैरिफ बढ़ने से कई देशों का एक्सपोर्ट गिर गया है। इसकारण शिपिंग यार्ड में कंटेनरों की संख्या बढ़ती जा रही है। शिपिंग कंपनियां अपने कारोबार को जिंदा रखने के लिए 30 से 50 प्रतिशत तक कम दाम में दूसरे देशों को सामान एक्सपोर्ट कर रही हैं। इससे सीधे तौर पर एक्सपोर्ट कंपनियों को फायदा हो रहा है। हालांकि जानकार कह रहे हैं कि किराए में कमी अस्थायी है। अमेरिका के बंदरगाहों के लिए 40 फीट के कंटेनर का भाड़ा वर्तमान में 1750 से 1850 डॉलर (1.48 से 1.57 लाख रुपए) आ रहा है।

## इन्फिनिक्स ने किया नोट 50एस 5जी+ पेश

- 144 हट्र्ज.3डी कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले के साथ भारत का सबसे स्लिम परफॉरमेंस स्मार्टफोन है



एजेंसी

**रांची।** आधुनिक समय के स्मार्टफोन ब्रांड इन्फिनिक्स ने आज भारत में अपनी फ्लैगशिप डिवाइस - नोट 50एस 5जी+ लॉन्च की। यह एक पावरहाउस डिवाईस है, जो डिजाइन, परफॉरमेंस और यूजर एक्सपीरियंस के मामले में अपेक्षाओं को बढ़ा देगी। इस फ्लैगशिप डिवाइस ने अत्याधुनिक डिजाइन और टेक्नोलॉजी और 144हट्र्ज. कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले के साथ भारत के सबसे स्लिम स्मार्टफोन के रूप में एक नया मानक स्थापित कर दिया है। नोट 50एस 5जी+ आज से फ्लिपकार्ट पर तीन शानदार रंगों मरीन ड्रिफ्ट ब्लू (वीगन लेदर), टाइटेनियम ग्रे (मैटेलिक फि निश), बरगुंडी रेड (मैटेलिक फि निश) में 14,999 रुपये (सभी ऑफर सहित) के विशेष मूल्य में उपलब्ध है। इन्फिनिक्स इंडिया के सीईओ अनीश कपूर ने कहा, इन्फिनिक्स में हम अपने हर लॉन्च के साथ यूजर्स की बदलती जरूरतों को पूरा करने की ओर कदम बढ़ाते हैं। अपने पिछले स्मार्टफोन, नोट 50X5जी+ में हमने यूजर्स के फीडबैक के आधार पर सॉफ़्टवेयर को अपग्रेड किया और एक्सओएस 15 पेश किया। हमारे इस कदम को ग्राहकों ने काफी सराहा, जिससे निर्माण प्रक्रिया में यूजर्स को शामिल करने का हमारा विश्वास मजबूत हुआ। नोट 50एस 5जी+ में हमने प्रीमियम सीएमएफ, बेहतरीन परफॉरमेंस और सेगमेंट के सबसे स्लिम 144हट्र्ज. कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले के साथ हमने मानकों को और अधिक बढ़ा दिया है।

## फुल-ऑन एक्शन के लिए हो जाइए तैयार एंड पिक्चर्स पर




एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा की सबसे चर्चित कॉप यूनिवर्स अब टेलीविजन पर दहाड़ लगाएगी, जब 'सिंघम अगेन' एंड पिक्चर्स पर अपने प्रीमियर के साथ टीवी पर आएगी। दमदार एक्शन, पकड़ बनाने वाली कहानी और बॉलीवुड के सबसे बड़े सितारों से सजी यह फिल्म रामायण के सार से प्रेरित है और एक्शन जॉनर को एक नई ऊँचाई पर ले जाती है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में दर्शकों को उनका सिग्नेचर हाई-ऑक्टेन स्टाइल और जोरदार कहानी देखने को मिलता है। अजय देवगन एक बार फिर अपने आइकॉनिक किरदार बाजीराव सिंघम के अवतार में लौटे हैं, जो इस बार अपनी पत्नी को बचाने और एक खतरनाक दुश्मन से टकराने के मिशन पर निकलते हैं। फिल्म में अक्षय कुमार, करीना कपूर खान, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, टाइगर श्रॉफ और अर्जुन कपूर जैसे सितारे हैं, जो इस जबरदस्त कहानी को और भी धमाकेदार बना देते हैं।

## अमृता फडणवीस ने किया मसलहेडॉन हेल्थ व वेलनेस स्टूडियो का उद्घाटन

एजेंसी

**मुंबई।** बैंकर, सिंगर और सोशल ऐक्टिविस्ट व महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस ने मुम्बई के बांद्रा मे नवीन चंद्र कुलकर्णी के मसल हेडॉन हेल्थ एंड वेलनेस स्टूडियो का उद्घाटन किया। इस मौके पर नवीन चंद्र कुलकर्णी की पार्टनर पूजा कुलकर्णी भी मौजूद रहीं। अमृता फडणवीस ने रिबन काटकर इस अनोखे हेल्थ एंड वेलनेस स्टूडियो की ओपनिंग की। नवीन चंद्र कुलकर्णी अनुभवी फिटनेस एक्सपर्ट हैं। उनके पास 10 साल से अधिक की शिक्षा और अनुभव है, जो पर्सनल ट्रेनिंग तक ही सीमित नहीं है, बल्कि स्पोर्ट्स न्यूट्रिशन से लेकर आर्ट ऑफ लिविंग से मानसिक और आध्यात्मिक बेहतरी एवं हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से मैनेजमेंट की शिक्षा भी शामिल है। वह एक बॉडीबिल्डर हैं, उन्होंने 2017, 2018 और 2019 में लास वेगास में मिस्टर ओलंपिया प्रतियोगिता में भाग



लिया, साथ ही 2018 में अर्नोल्ड स्पोर्ट्स फेस्टिवल में भी हिस्सा लिया। 2024 में नवीन चंद्र कुलकर्णी एक TEDx स्पीकर भी थे। इस अवसर पर अमृता फडणवीस ने मसल हेडॉन हेल्थ एंड वेलनेस स्टूडियो को अच्छी तरह देखा और वह यहां मौजूद सुविधाओं से प्रभावित हुईं। हेल्थ और फिटनेस के प्रति खुद भी ऐक्टिव रहने वाली अमृता फडणवीस ने इस स्टूडियो के फाउंडर नवीन चंद्र कुलकर्णी को ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। पूजा कुलकर्णी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हम सब बहुत खुश हैं कि अमृता फडणवीस ने अपने व्यस्त शेड्यूल मे से समय निकाल कर हमारे स्टूडियो का उद्घाटन करने आईं। हम उनका दिल से शुक्रिया अदा करते हैं। नवीन चंद्र कुलकर्णी के गाइडेंस मे यह हेल्थ ऐंड वेलनेस स्टूडियो लोगों को शारीरिक और मानसिक रूप से सेहतमंद रखने मे बड़ी भूमिका निभाएगा। नवीन चंद्र कुलकर्णी ने कहा कि हमने 90 दिनों का बॉडी ट्रांसफार्मेशन प्रोग्राम शुरू किया है, जिसे आपको सिर्फ तीन महीनों में परिणाम प्राप्त करने में मदद करने के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। डाइट और न्यूट्रिशन प्लान बनाये गये हैं जो आपके लिए काम करते हैं. फिटनेस सिर्फ ट्रेनिंग के बारे में नहीं है बल्कि आप क्या खाते हैं, क्या पीते हैं, कैसे सोते हैं, यह भी उतना ही मायने रखता है।

### एसबीआई ने अपनी एफडी की ब्याज दरों में किया बदलाव

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने रिजर्व बैंक की कम हुई रेपो रेट का फायदा उठाते हुए अपनी फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम्स की ब्याज दरों में हल्की कटौती की है। इस नए फैसले के बाद एसबीआई के परिसर में ब्याज दरों में बदलाव का माहौल महसूस हो रहा है। एसबीआई की एफडी स्कीम से जुड़े निवेशकों के लिए यह खुशखबरी है कि अब भी वे आकर्षक रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं। एक ऐसी खास स्कीम में, जिसमें केवल 1 लाख का निवेश करने पर ग्राहक 24,604 रुपये तक का फिक्स ब्याज प्राप्त कर सकते हैं। एसबीआई द्वारा प्रस्तावित नए ब्याज दरों के अनुसार, सामान्य नागरिकों के लिए 3.50 फीसदी से 7.05 फीसदी तक का ब्याज प्रदान किया जा रहा है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**दिल्ली में इमारत गिरी...**

दिल्ली फायर सर्विस के एक कर्मी ने बताया कि हमें रात करीब 2:50 बजे एक मकान के ढहने की सूचना मिली। हम मौके पर पहुंचे तो पाया कि पूरी इमारत ढह गई है और लोग मलबे में फंसे हुए हैं। एनडीआरएफ, दिल्ली फायर सर्विस लोगों को बचाने के लिए काम कर रही है।

मृतकों में से एक के रिश्तेदार शहजाद अहमद ने बताया कि इमारत रात करीब 2:30-3 बजे गिरी। यह चार मंजिला इमारत थी। मेरे दो भतीजे मर गए हैं। मेरी बहन, बहनोई और भतीजी भी घायल हैं। वे जीटीबी अस्पताल में भर्ती हैं।

डिविजनल फायर ऑफिसर राजेंद्र अटवाल ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और पाया कि पूरी इमारत ढह गई है। हमें लोगों के मलबे में फंसे होने की सूचना भी मिली। रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफ और दिल्ली अग्निशमन सेवा की टीमें मिलकर काम कर रही है।

**कार्यकर्ताओं में जोश ....**

कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। इसका कार्यकर्ताओं के बीच काफी सकारात्मक संदेश गया।

इसके पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता के सेक्टर 35 स्थित आवास पहुंचे जहां पर मनोज गुप्ता तथा अन्य नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद पार्टी के पदाधिकारी के साथ बैठकर उन्होंने संगठन को लेकर व्यापक चर्चा की।

इस मौके पर भाजपा के नोएडा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, उमेश त्यागी, मनीष शर्मा समेत कई नेता भी मौजूद थे।

**अब ट्रैफिक जाम ....**

उन्होंने बताया कि इसके अलावा एनसीएपी के जरिए ड्रेनेज और शहर को क्लीन करने के मशीने खरीदी जाएंगी। इसके अलावा छह इंटीग्रेटड प्लांट 40-40 टीडीपी क्षमता के लगाने जा रहे है। जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया हो चुकी है। ऐसे में निकलने वाले वेस्ट को वैज्ञापिक पद्यती से ट्रीट किया जा सकेगा। फिलहाल पहली प्राथमिकता शहर के ट्रैफिक इंफ्रास्ट्रक्चर को बेतहर करना होगा। जिससे यहां जाम न लगे और प्रदूषण के स्तर को कम किया जा सके।

## मिशन क्राइम फ्री इण्डिया ने किया टैनेन्ट वैलफेयर एसोसिएशन का गठन

**गेटर नोएडा (चेतना मंच)।** 'मिशन क्राइम फ्री इण्डिया', जो वर्ष 2012 से गौतम बुध नगर में समाजोत्थान कार्यों में अग्रसर है, की संस्थापक रचना वशिष्ठ ने ग्रेटर नोएडा में कल 'टैनैन्ट वैल्फेयर एसोसिएशन' का गठन किया, इसके साथ ही संस्थान संस्थापक ने जिला मैजिस्ट्रेट मनीष वर्मा को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में यह बताते हए कि वर्षों से क्षेत्र में अवैध पीजी धड्हल्ले से चल रहे हैं जबकि हरएक शैक्षिक संस्थान के विद्यार्थियों के लिए संस्थान परिसर में ही पीजी/हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध है और कामकाजी महिला-पुरुष के लिए भी अधिकाँश सुविधाएं उनके कार्यालयों द्वारा ही मुहैया कराई जाती हैं।बावजूद इसके ग्रेटर नोएडा के अल्फा 1-2, गामा 1-2, डेल्टा 1-2-3, आदि मुख्य सैक्टरों में अवैध संचालित पीजी न केवल युवक युवतियों की आपत्तिजनक गतिविधियों के अड्डे हैं बल्कि अवैध नशे के दुरूपयोग एवं तस्करी को बढ़ावा दे रहे हैं और साथ ही संगीन अपराधों को न्योता देते हैं और बिन मानकों के खुले होने पर आये दिन आग लग जाने के केन्द्र बने हुए हैं।

रचना वशिष्ठ ने यह भी बताया कि जिला मैजिस्ट्रेट मनीष वर्मा को ज्ञापन सोम्पते हुए आगामी दिनों में 'टैनैन्ट वैल्फेयर एसोसिएशन' की मुख्य बैठक में रखी गयी प्रैस कोंफ्रेंन्स में उन्हें आमंत्रित भी किया गया है।

## एआरटीओ ने कर्मचारियों संग चाय पर की चर्चा

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर 32 सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में शनिवार एआरटीओ प्रशासन डॉक्टर सियाराम वर्मा ने कर्मचारियों संग बैठक के दौरान चाय पर चर्चा की। उन्होंने सभी कर्मचारियों से राजस्व बढ़ाने पर बात की।

एआरटीओ डॉक्टर सियाराम वर्मा ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-2025 की समाप्ति पर परिवहन विभाग राजस्व की अच्छी स्थिति है। अब आगामी वित्तीय वर्ष 2025-2026 में शत प्रतिशत राजस्व लक्ष्य प्राप्ति करनी है। इस दौरान एआरटीओ डॉक्टर सियाराम वर्मा, विनय कुमार सिंह संभागीय निरीक्षक, सिंह राज भाटी, बृज बाबू, संजीव, ललित परिहार और मनोज समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।










## खास खबर

### पाकिस्तानी सेना ने चार आतंकवादियों को किया ढेर

**कराची।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान में चार आतंकवादियों को ढेर कर दिया। सेना की मीडिया शाखा ने इसकी जानकारी दी। सेना की ओर बयान में कहा गया कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की जानकारी पर डेरा इस्माइल खान जिले के मद्दी में एक अभियान चलाया। अभियान के दौरान, सैनिकों ने आतंकियों के ठिकाने का पता लगाकर चार आतंकवादियों को मार गिराया। इस भीषण गोलीबारी के दौरान एक सैनिक भी मारा गया।

### कार दुर्घटनाग्रस्त, 4 की मौत

**रोम।** दक्षिणी इटली में नेपल्स के पास एक केबल कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है। एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नेपल्स की खाड़ी के किनारे स्थित कास्टेलामारे डी स्टेबिया शहर से पर्यटकों को करीब 3 किलोमीटर दूर मोंटे फेतो ले जाने वाली लाइन का केबल टूट गया। रिपोर्ट में अग्निशमन विभाग ने कहा कि चार शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि एक घायल को बचाकर अस्पताल भेजा गया है। दुर्घटना में मारे गए लोगों में एक इजराइली महिला भी है, जबकि एक अन्य इजराइली पर्यटक गंभीर रूप से घायल है। दुर्घटना में मारे गए अन्य तीन लोगों में दो ब्रिटिश पर्यटक और केबल ऑपरेटर शामिल हैं। मृतकों की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। दुर्घटना के बाद खोज और बचाव अभियान शुरू किया, लेकिन कोहरे और तेज हवाओं के कारण इसमें बाधा आई। बचाव कार्य में 50 से अधिक अग्निशमन कर्मी शामिल थे। यह हादसा गुरुवार को हुआ था। रिपोर्ट के मुताबिक केबल कार को अभी गर्मियों के मौसम के लिए खोला गया था और अभियोजकों ने कहा कि उन्होंने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। केबल कार कंपनी के प्रमुख ने कहा कि केबल कार को 10 दिन पहले सभी आवश्यक सुरक्षा शर्तों के साथ खोला गया था। केबल कार में 16 यात्री सवार थे। बता दें कि पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

### दिल्ली में नाबालिग की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीलमपुर इलाके में एक नाबालिग की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इससे इलाके में तनाव फैल गया। परिजन और स्थानीय लोगों ने चक्काजाम कर सड़क पर प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते हत्या की गई है। उधर, जे ब्लॉक में रहने वाले परिवारों ने घरों के बाहर पलायन के पोस्टर लगाए हैं, साथ ही पीएम मोदी और सीएम योगी से मदद मांगी है। इन पोस्टर्स पर लिखा है, -हिंदू पलायन कर रहा है, योगी जी मदद करो। यह मकान बिकाऊ है, हिंदू खतरे में है। मृतक की पहचान कुणाल के रूप में हुई है। उसने हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। सीलमपुर थाने में हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। हमलावर की तलाश जारी है। पुलिस ने कहा कि फिलहाल वारदात की वजह पता नहीं चल सकी है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। चश्मदीदों से भी पूछताछ की जा रही है।

# यूपी में बेमौसम बारिश और आकाशीय बिजली ने ली 13 लोगों की जान

एजेंसी

**लखनऊ।** यूपी में बेमौसम बारिश कहर बनी बरसी। 24 घंटे में हुई बारिश से 13 लोगों की जान चली गई। सबसे ज्यादा 6 मौतें अयोध्या में हुई। यहां शाम को तेज आंधी चलने से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। इसके नीचे दबकर 3 महिलाओं की मौत हो गई। इसके अलावा, बारिश से दीवार गिर गई। मलबे में दबने से 3 महिलाओं की जान चली गई। बाराबंकी में टिन शेड और पेड़ गिरने से 6 साल के बच्चे समेत 5 लोगों की मौत हो गई। 6 घायल हैं। अमेठी और बस्ती में बिजली गिरने से 1-1 व्यक्ति की



मौत हो गई। गोरखपुर में भी गुरुवार देर रात बारिश हुई। बारिश और बिजली गिरने की घटनाओं को देखते हुए सीएम योगी ने अफसरों को अलर्ट रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारी फील्ड में उतरें, राहत कार्यों पर नजर रखें। जलभराव की स्थिति में जल निकासी की व्यवस्था की जाए। फसलों के नुकसान का सर्वे कराकर रिपोर्ट जल्द से जल्द भेजी जाए, ताकि किसानों को मुआवजा दिया जा सके। 37 जिलों में बारिश का आज भी अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक पूर्वी यूपी के कई जिलों में देर रात तक आंधी और बारिश की संभावना है। 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। ओले भी गिर सकते हैं। गुरुवार को अयोध्या, बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, महाराजगंज, कुशीनगर, गोरखपुर, अमेठी और लखीमपुर समेत 13 शहरों में बारिश हुई। अयोध्या और गोंडा में ओले भी गिरे। अयोध्या में आंधी के कारण हाईवे पर कई जगह पेड़ उखड़ गए।

## ईडी ने की पूर्व सीएम रेडडी और डीसीबीएल की 405 करोड़ की संपत्ति कुर्क

एजेंसी

**अमरावती ।** एक दशक से अधिक समय बाद, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी और डालमिया सीमेंट्स (भारत) लिमिटेड (डीसीबीएल) की 405 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति अस्थायी रूप से कुर्क कर ली है। हालांकि, डीसीबीएल ने बताया कि संपत्ति का मौजूदा मूल्य 793.3 करोड़ रुपये है। ईडी की हैदराबाद इकाई ने 31 मार्च को कुर्की का आदेश दिया, जो 15 अप्रैल को डीसीबीएल को मिला।

यह मामला जगन के सीएम बनने से पहले उनके शुरूआती कारोबारी वर्षों के दौरान कथित तौर पर किए गए क्विड प्रो क्वो निवेश की 2011 की सीबीआई जांच से जुड़ा है। इन संपत्तियों में जगन द्वारा कार्मेल एशिया होल्डिंग्स, सरस्वती पावर एंड इंडस्ट्रीज और हर्षा फर्म सहित कई फर्मों में रखे गए 27.5 करोड़ रुपये के शेयर शामिल हैं। इसके अलावा, आंध्र प्रदेश के कडप्पा जिले में डीसीबीएल द्वारा अधिग्रहित भूमि जिसका मूल मूल्य 377.2 करोड़ रुपये था को जब्त किया गया। रिपोर्ट में बताया गया है कि डीसीबीएल ने पूर्व सीएम रेड्डी से जुड़ी कंपनी रघुराम सीमेंट्स लिमिटेड में 95 करोड़ रुपये का निवेश किया। बदले में, कथित तौर पर राजनीतिक प्रभाव का लाभ उठाकर कडप्पा जिले में 407 हेक्टेयर के लिए खनन पट्टा प्राप्त किया। एजेंसियों का दावा है कि यह कोई वैध निवेश नहीं था, बल्कि एक व्यापारिक लेनदेन के रूप में रिश्वत थी, इस जगन की अपने पिता, तत्कालीन मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी से निकटता के कारण सुगम बनाया गया था।

## महाराष्ट्र में 22 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त, दो विदेशी सहित तीन गिरफ्तार

▸ पुलिस ने 2.84 लाख रुपये की विदेशी मुद्रा और भारतीय रुपये भी किए बरामद

एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के मीरा रोड और वसई में पुलिस ने छापा मारकर करीब 22 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की है । इस मामले में मीरा भायंदर वसई विरार (एमबीवीवी) पुलिस ने दो विदेशी नागरिकों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले की गहन छानबीन जारी है। एमबीवीवी क्राइम ब्रांच के सहायक पुलिस आयुक्त मदन बल्लाल ने शुक्रवार को मीडिया को बताया कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 15



अप्रैल को शबीना शेख (42) नामक एक महिला को गिरफ्तार किया। उसके पास से 17.74 करोड़ रुपये मूल्य की 11.8 किलोग्राम कोकीन बरामद की थी। इस महिला ने पुलिस को बताया कि उसे ड्रग्स एक नाइजीरियाई नागरिक ने दी थी। इसी जानकारी के आधार पर नाइजीरियाई नागरिक एंडी उबाबुदिके ओनिनसे (45) को 2.608 किलोग्राम कोकीन के साथ गिरफ्तार किया गया। नाइजीरियाई नागरिक के पास से बरामद की गई ड्रग की कीमत 3.9 करोड़ रुपये आंकी गई है। इसके बाद नाइजीरियाई नागरिक से आगे की पूछताछ के दौरान एक अन्य विदेशी महिला का पता चला। पुलिस ने वसई इलाके में छापा मारकर कैमरून देश की 32 वर्षीय क्रिस्टाबेल एनजेई को गिरफ्तार किया। पुलिस की टीम ने उस महिला के पास से 64.98 लाख रुपये कीमत की 433.2 ग्राम कोकीन बरामद की। इस कार्रवाई के दौरान आरोपितों के पास से 2.84 लाख रुपये की विदेशी मुद्रा और भारतीय रुपये भी बरामद किए हैं। एसीपी बल्लाल ने कहा कि इस मामले में पुलिस तस्करी का सामान कहां से आया और उसके संभावित खरीददार कौन थे, इसकी गहन छानबीन की जा रही है। इस मामले और गिरफ्तारियां होने की भी संभावना है।

### ग्राम चौपाल में नहीं पहुंचे ब्लाक स्तरीय अधिकारी

**मिर्जापुर ।** गैपुरा छानबे क्षेत्र के बिहसड़ा कला एवं सेमरी गावों में शुक्रवार को संपन्न हुई चौपाल में एक बार फिर ब्लॉक स्तरीय अधिकारी नदारद रहे। एडीओ कृषि,सहकारिता, समाज कल्याण, सांख्यिकी सहित कोई भी अधिकारी चौपाल में नहीं पहुंचे। बिहसड़ा कला गाँव की चौपाल में मीरा देवी ने बताया कि पति की मौत हो गई है। बाल बच्चों व परिवार के साथ मिट्टी के घर में गर्मी सर्दी बरसात में जीवन गुजर बसर करना पड़ रहा है। संध्या देवी ने बताया कि राशनकार्ड नहीं बनने से बीपीएल व अंत्योदय कोटे का खाद्यान्न नहीं मिल रहा है। सेक्रेटरी सौम्या सिंह ने समस्याओं को सूचीबद्ध किया। आवास व शौचालय के लिए आनलाइन आवेदन करने के लिए प्रेरित किया।

## छात्राओं ने शिक्षिकाओं और बड़े बाबू पर लगाए गंभीर आरोप, जांच में खुलासा

एजेंसी

**मीरजापुर।** जय प्रकाश नारायण सर्वोदय आश्रम पद्धति बालिका आवासीय विद्यालय, मड़िहान में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात के निरीक्षण के बाद गठित जाँच समिति ने विद्यालय की बदहाल स्थिति का खुलासा किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी और खंड विकास अधिकारी रक्षिता सिंह की जाँच में शिक्षिकाओं के दुर्व्यवहार, बड़े बाबू पर अनुचित व्यवहार के आरोप, खराब भोजन, और बुनियादी सुविधाओं की कमी जैसे गंभीर मुद्दे सामने आए। छात्राओं ने शिक्षिकाओं अनामिका, रीना, रिचा, नीतू, स्वाति और सुनीता पटेल पर गाली-गलौज, धमकी और बीमार छात्राओं के साथ अमानवीय व्यवहार के आरोप लगाए। बड़े बाबू पर पान-गुटखा खाकर धुआँ उड़ाने और गलत नियत रखने की शिकायतें दर्ज की गईं। विद्यालय में फटे ड्रेस, एक्सपाय साबुन, अपर्याप्त सैनिटरी पैड, और खाने में कीड़े जैसी समस्याएँ उजागर हुईं। पेयजल, बिजली, कंप्यूटर लैब और खेल सुविधाओं का भी अभाव है। जाँच समिति ने डिजिटल लाइब्रेरी, खेल मैदान, पेयजल व्यवस्था और मरम्मत जैसे सुधारों की सिफारिश की।मेनू के अनुसार छात्राओं को नही मिलता नास्ता और खाना, दूध और फल का नही होता वितरण आश्रम पद्धति विद्यालय से 24 में 6 कंप्यूटर गायब। जिलाधिकारी द्वारा गठित त्रिस्तरीय जाँच कमेटी ने कठोर नियंत्रण और तत्काल सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया।

## समस्या के निस्तारण के लिए विधायक मझवां जिलाधिकारी ने स्थल का किया निरीक्षण

एजेंसी



**मीरजापुर ।** नगर पंचायत कछवां का पानी बजहा में जाकर इकट्ठा हो रहा है जिससे वहां काश्तकारों की फसल डूब जाती है उक्त समस्या के निदान हेतु मा. विधायक मझवां शुचिस्मिता मौर्च व जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र व अन्य राजस्व स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षणोपरान्त जिलाधिकारी, मा. विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना, इस संदर्भ में मौके पर सम्बन्धित अधिकारी से एसटीपी प्लांट बनाने हेतु सुझाव मांगा गया, जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था आरईएस व सीएण्डडीएस को निर्देशित करते हुए कहा कि कच्चा खोदाई कराए जिससे पानी निकलने लगे और तब तक प्रस्ताव बनाकर तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने उप जिलाधिकारी सदर को निर्देशित करते हुए कहा कि दो दिवस के अन्दर जमीन की पैमाइश कराए ताकि अग्रिम कार्यवाही की जा सकें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर गगुलाब चन्द्र उपस्थित रहें।

### कांग्रेस नेता के बयान का आंतकी पन्नू ने किया समर्थन

**अमृतसर ।** ग्रेनेड मामले में आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू का बयान आने के बाद फिर आम आदमी पार्टी ने पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा पर गंभीर आरोप लगा दिए हैं। वहीं, आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रमुख अमन अरोड़ा ने साफ कर दिया कि कोर्ट से राहत शर्तों के आधार पर मिली है और बयानबाजी ना करने के आदेश दिए गए हैं। आप ने एक्स पर कहा है कि आतंकी पन्नू द्वारा बाजवा के समर्थन में दिया गया बयान पंजाब की शांति के खिलाफ साजिश हो सकता है। आप ने कांग्रेस नेता बाजवा के उस बयान को लेकर सवाल उठाया जिसमें उन्होंने कहा था कि 50 ग्रेनेड भारत लाए जा चुके हैं।

## सीखड़ ब्लाक के किसानों की खेती देख मंत्री हुए गदगद

एजेंसी

**मीरजापुर ।** प्रदेश के मा0 मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग उत्तर प्रदेश सूर्य प्रताप शाहीएवं मा. विधायक चुनार अनुराग सिंह पटेल के द्वारा चुनार तहसील के सीखड़ ब्लाक के रामगढ़ कला के किसानों के साथ वार्ता की गई। साथ ही मक्का, पपीता, मूंगफली, पातगोभी, केला, लोबिया, रामदाना इत्यादि फसलों का निरीक्षण किया गया। जनपद मिजार्पुर में जायद सत्र में 288 हेक्टेयर मक्का फसल के आच्छादन का लक्ष्य निर्धारित है। त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के तहत मक्का की फसल को बढ़ावा देने के लिए ग्राम पंचायत, विकासखंड तथा जनपद स्तर पर गोष्ठी एवं मेले का आयोजन कर अधिक से अधिक मक्के की फसल लगाने हेतु प्रचार प्रसार अभियान चलाया गया है। साथ ही साथ किसानों का अन्यत्र जनपद में भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम कराए गए हैं। जिसके




फलस्वरुप जनपद में मक्का अच्छादन लक्ष्य 288 हेक्टेयर के सापेक्ष 517 हेक्टेयर का अच्छादन हुआ है, जो कि लक्ष्य से काफी अधिक है। जनपद में जायद सत्र में संकर मक्का का 180 एकड़ क्लस्टर प्रदर्शन कराया गया है स साथ ही साथ सामान्य बीज वितरण के अंतर्गत 42 कुंतल शंकर मक्का का वितरण भी कृषि बिभाग द्वारा किया गया हैस प्रदर्शन बीज पर 2400/- एकड़ अनुदान डीबीटी के माध्यम से दिया गया हैं सामान्य बीज वितरण के अंतर्गत बीज मूल्य का 50 प्रतिशत अथवा 150 प्रति किलो अनुदान देय है। मा0 मंत्री जी के द्वारा बताया गया कि प्रदर्शन हेतु वितरित देसी मक्का, शंकर मक्का एवं पापकार्न पर प्रति एकड़ पर रू 2400 अनुदान देय है स साथ ही साथ प्रदर्शन हेतु वितरित बेबी कार्न मक्का पर रू 16000/- प्रति एकड़ अनुदान देय है एवं प्रदर्शन हेतु वितरित स्वीट कार्न मक्का पर रू 2000 रूपए- प्रति एकड़ अनुदान देय हैस आज कृषक सोहन सिंह के खेत पर मंत्री जी ने स्वयं मक्के की फसल देखी स माव मंत्री जी द्वारा कृषि बिभाग के अधिकारियो और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया वे छेत्र में अधिक से अधिक भ्रमण शील रहें और किसानों को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराये। प्रक्षेत्र भ्रमण के साथ-साथ मा0 मंत्री जी के द्वारा नव चेतना एफपीओ का निरीक्षण भी किया गया।

## इंस्तांबुल एयरपोर्ट पर 1700 की बीयर और 565 रुपए में मिलता है एक केला

एजेंसी

**इंस्तांबुल।** तुर्किए का इंस्तांबुल हवाई अड्डा ऐसी ही एक जगह के रूप में विख्यात है, जहां पर खाने-पीने की चीजों के मूल्य लोगों को हैरत में डाल देते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक एक यात्री ने दावा किया कि इंस्तांबुल एयरपोर्ट खाने पीने की बुनियादी चीजों को भी प्रीमियम कीमतों पर बेचता है। यह कई बार इतना महंगा होता है कि एक साधारण आदमी के लिए इसे खरीदना तक बहुत मुश्किल होता है। कीमतों के बारे में लिखा गया कि यहां पर एक बीयर की बोतल करीब 15 पौंड या करीब 1700 रुपए में मिल रही हैं, वहीं एक केला



करीब 565 रुपए का बेचा जा रहा है। इस एयरपोर्ट पर हर दिन करीब 2 लाख से ज्यादा लोग आते और जाते हैं ऐसे में इन सभी यात्रियों के लिए इतनी ज्यादा कीमत रखना एक प्रकार से उनका अपमान करने और लूटने जैसा है। इंस्तांबुल एयरपोर्ट पर आसमान छूती कीमतों को लेकर इटली के अखबार कोरिएरे डेला सेरा ने भी एक रिपोर्ट की थी। इसके मुताबिक यह एयरपोर्ट खाने-पीने के मामले में यूरोप का सबसे महंगा एयरपोर्ट है। रिपोर्ट में एक एक इतावली लेखक का संस्मरण भी लिखा हुआ था, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे उन्हें करीब 2300 रुपए में 90 ग्राम लसग्ना दिया गया था। उन्होंने बताया, कि यह एक ईंट के टुकड़े जैसा दिखता है, जिसमें पनीर और पत्तों जैसा कुछ छिड़का हुआ होता है। ऊंची कीमत के बावजूद भी यहां की भोजन की क्वालिटी कीमत से मेल नहीं खाती है। बता दें कि दुनिया भर में घूमते लोगों के एक साझा अनुमान के मुताबिक एयरपोर्ट पर मिलने वाला सामान सबसे महंगा होता है।

### ब्रिटेन में ट्रांसजेंडर को महिला नहीं माना जाएगा

**लंदन ।** ब्रिटेन में अब ट्रांसजेंडर को महिला नहीं माना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने महिला होने की कानूनी परिभाषा पर फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि जो जन्म से महिला यानी बायोलॉजिकल फीमेल है, उसे ही महिला माना जाएगा। कोर्ट के इस फैसले से ट्रांसजेंडर अधिकारों पर लंबे समय तक असर पड़ेगा। कोर्ट ने समानता अधिनियम 2010 की व्याख्या करते हुए बताया कि महिला और लिंग शब्द बायोलॉजिकल फीमेल और बायोलॉजिकल जेंडर को बताते हैं। पांच जजों की बैंच ने सर्वसम्मति से यह फैसला दिया। बैंच में शामिल जज पैट्रिक हॉज ने कहा कि यह एक्ट ट्रांसजेंडर लोगों को उनके साथ जेंडर के आधार पर होने वाले भेदभाव से सरंक्षण देता है।

## रूस ने तालिबान को आतंकी सूची से हटाया

▸ दोनों देशों के मैत्रीपूर्ण संबंध होंगे मजबूत

एजेंसी

**मास्को।** रूस ने भी तालिबान को आतंकी संगठन की सूची से हटाया दिया है और उस पर लगे प्रतिबंध भी हटा लिए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस कदम से अफगानिस्तान के वास्तविक शासकों के प्रति मास्को के कूटनीतिक रुख में एक अहम बदलाव का संकेत मिलता है। रूस की सर्वोच्च अदालत ने तालिबान को आतंकवादी संगठन के रूप में नामित करने से हटा दिया जो कि अफगानिस्तान के शासकों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाने के उद्देश्य से



एक प्रतीकात्मक इशारा है। तालिबान ने अगस्त 2021 में अमेरिकी सेना के हटने के बाद अफगानिस्तान में सत्ता पर काबिज हो गया था। 2003 में लगाए गए प्रतिबंध को हटाने का रूस की सर्वोच्च अदालत का फैसला तुरंत प्रभावी हो गया और यह क्रेमलिन और तालिबान के बीच व्यापक जुड़ाव का मार्ग प्रशस्त करता है। बता दें अगस्त 2021 में सत्ता पर काबिज होने के बाद से किसी भी देश ने तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार को औपचारिक रूप से मान्यता नहीं दी है लेकिन मॉस्को ने हाल के वर्षों में तालिबान के साथ अपने संबंधों को मजबूत किया है। रुस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पहले तालिबान को आतंकवाद से निपटने में भागीदार बताया था।

# भारत समेत दुनिया के कई देश हिंद महासागर पर चाहते हैं कब्जा

▸ ब्रिटेन ने 1965 में मॉरीशस से छीना था डिएगो गार्सिया द्वीप

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जुलाई 2024 में जब अमेरिका ने ब्रिटिश कोर्ट को डिएगो गार्सिया में कैद श्रीलंकाई तमिलों के मामले की सुनवाई करने से रोका तो दुनिया हैरान रह गई थी। इससे पता चला कि अमेरिका के लिए डिएगो गार्सिया कितना अहम है। इसके लिए अमेरिका ने अपने सबसे करीबी दोस्त ब्रिटेन से ही पंगा ले लिया। हालांकि, वह ब्रिटेन ही था, जिसने 1966 में इस द्वीप को 50 साल के लिए अमेरिका को सौंपा था, जिसे 20 साल के लिए बढ़ाने की अनुमति भी शामिल थी। बता दें डिएगो गार्सिया ब्रिटेन का नहीं है,



बल्कि उसने 1965 में अपने तत्कालीन उपनिवेश मॉरीशस से छीना था। अब यह छोटा सा द्वीप हिंद महासागर में दो महाशक्तियों के शक्ति प्रदर्शन का केंद्र बना गया है। इस द्वीप से अमेरिका न सिर्फ चीन को हड़काता है, बल्कि अपने बी-2 बमवर्षक से यमन तक बमबारी करता है। वर्तमान में ब्रिटेन और मॉरीशस में चागोस द्वीप समूह को लेकर एक समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत ब्रिटेन चागोस द्वीपसमूह को मॉरीशस को सौंप देगा, लेकिन डिएगो गार्सिया को नहीं, जो इसी द्वीप का हिस्सा है। डिएगो गार्सिया का इस्तेमाल अमेरिकी सरकार अपने नौसेना जहाजों और लंबी दूरी के बमवर्षक विमानों के लिए सैन्य अड्डे के रूप में करती रहेगी। अमेरिका-ब्रिटेन का बेस डिएगो गार्सिया में बना रहेगा, जो इस क्षेत्र में पश्चिमी देशों, भारत और चीन के बीच बढ़ती भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के समय इस समझौते को आगे बढ़ाने में एक अहम कारक है। हिंद महासागर से अमेरिका और ब्रिटेन का भौगोलिक रूप से कोई संबंध नहीं है। ये दोनों देश हजारों किलोमीटर दूर दूसरे महाद्वीप में स्थित हैं। इसके बावजूद उनका हिंद महासागर के लिए प्रेम कम नहीं हुआ है। हाल की भू-राजनीतिक घटनाओं ने हिंद महासागर के महत्व को और ज्यादा बढ़ा दिया है। यही कारण है कि दुनियाभर के देश हिंद महासागर में मौजूदगी बनाने के लिए आपस में संघर्ष कर रहे हैं। इनमें भारत, पाकिस्तान, चीन से लेकर अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी जैसे देश भी शामिल हैं। इनके अलावा भी कई छोटे-बड़े देश लगातार अपनी नौसेनाओं को हिंद महासागर के इलाके में गश्त के लिए भेज रहे हैं। भारत हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी मौजूदगी को बढ़ा रहा है। सबसे पहले, भारत अपनी समुद्री संपत्तियों को विकसित करने के लिए प्रयास कर रहा है। हाल के वर्षों में मिलने वाले बजट का बड़ा हिस्सा वेतन के बजाय क्षमता निर्माण के लिए खर्च किया जा रहा है। इसके अलावा, भारतीय नौसेना नए उपकरणों और प्रौद्योगिकी को इंटीग्रेट करने का प्रयास कर रही है। इसके लिए युद्धपोतों और पनडुब्बियों से लगातार नए हथियारों का परीक्षण किया जा रहा है।

## अवैध शस्त्र और शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार, 27 का चालान

एजेंसी

**मीरजापुर ।** मीरजापुर पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देश पर अपराध रोकथाम और अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया। इस क्रम में दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए अवैध चाकू और शराब के साथ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 27 व्यक्तियों का चालान किया गया। मड़िहान में अवैध चाकू के साथ गिरफ्तारी।मड़िहान थाना पुलिस ने उप निरीक्षक श्याम बदन के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर दिलीप धरिकार को एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त के खिलाफ थाना मड़िहान में मुकदमा संख्या 119/2025, धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई।चुनार में 30 लीटर अवैध शराब बरामद।चुनार थाना पुलिस ने उप निरीक्षक अभय राज पाल और राम प्यारे सिंह की टीम ने सविता देवी को 30 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्ता के खिलाफ मुकदमा संख्या 182/2025, धारा 60 आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर उसे न्यायालय/जेल भेजा गया।27 व्यक्तियों का चालान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनपद में 27 व्यक्तियों का भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170/126/135 के तहत चालान किया गया।

## खास खबर

### गुजराज टाइटंस ने शनाका को किया शामिल

नई दिल्ली। गुजरात टाइटंस ने श्रीलंका के अनुभवी ऑलाउंडर दासुन शनाका को न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स की जगह पर अपनी टीम में शामिल किया है। फिलिप्स चोटिल होने के कारण सत्र के बचे हुए मैचों से बाहर हो गये हैं। वहीं शनाका दो साल पहले भी गुजरात टाइटंस में शामिल थे। 2023 में उन्हें फ्रेंचाइजी ने 75 लाख रुपये में अपने साथ शामिल किया था। तब वह केवल 3 मैच ही खेल पाये थे हालांकि इस बार शनाका नए कप्तान शुभमन गिल की कप्तानी में अहम भूमिका निभा सकते हैं। वहीं फिलिप्स को इस बार गुजरात टाइटंस ने नीलामी में 2 करोड़ रुपये में खरीदा था पर वह एक भी मैच नहीं खेल पाये। शनाका को फ्रेंचाइजी और घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद ही आईपीएल में जगह मिली है। वह आक्रामक बल्लेबाजी के साथ ही अच्छी गेंदबाजी भी करते हैं। उन्होंने हाल ही में इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएलटी20) में दुबई कैपिटल्स की ओर से अच्छा प्रदर्शन कर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने 10 पारियों में 27 की औसत से 164 रन बनाए और चार विकेट भी लिए हैं।

### बड़ी जीत पर बोनस अंक देगी आईसीसी

दुबई । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) 2025-27 के चक्र में बोनस अंक देने पर विचार कर रही है। डब्लयूटीसी का ये सत्र जून में भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से शुरू होगा। वर्तमान नियमों के अनुसार अभी छोटे अंतर या एक पारी के अंतर से जीतने वाली टीम को 12 अंक, मैच टाई होने पर छह अंक और ड्रॉ रहने पर चार अंक मिलते हैं पर अब आईसीसी बड़े अंतर से मिलने वाली जीत या पारी के अंतर की जीत पर बोनस अंक दे सकती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डब्लयूटीसी सत्र शुरू होने से ही पारी की जीत पर बोनस अंक देने जैसे मामलों पर बात हो रही है क्योंकि कई टीमों का मानना है कि बड़ी टीमों को हराने पर उन्हें उतना लाभ नहीं मिल रहा है जितना मिलना चाहिये। वहीं एक पूर्व खिलाड़ी ने कहा, ह्यअगर ऐसा होता है तो ये अच्छी शुरुआत होगी। इससे दोनो ही टीमों को बेहतर परिणाम देने की प्रेरणा मिलेगी। इसके साथ ही आईसीसी विरोधी टीम के मैदान पर जीत दर्ज करने पर भी अतिरिक्त अंक दे सकती है।

### विकेटकीपर की गलती से रिकेल्टन को मिला दूसरा अवसर

मुंबई । आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के विकेटकीपर हेनरिक क्लासेन की एक गलती से खासा हंगामा हुआ ओर मुम्बई इंडियंस के बल्लेबाज रयान रिकेल्टन को वापस बल्लेबाजी के लिए बुलाया गया। ये मामला इस मैच के 7वें ओवर का है। इस ओवर को सनराइजर्स हैदराबाद के स्पिनर जीशान अंसारी कर रहे थे। उनके ओवर की पांचवीं गेंद पर मुंबई के बल्लेबाज रयान रिकेल्टन पैट कमिंस के हाथों कैच आउट होने के बाद पेवेलियन लौटने लगे पर बाउंड्री लाइन के पास ही उन्हें चौथे अंपायर ने रोक लिया। इससे रयान हैरान हो गये। रिकेल्टन को इसलिए रोका गया क्योंकि अंसारी की वो गेंद नो-बॉल करार दी गयी। इसका कारण विकेटकीपर हेनरिक क्लासेन की एक गलती थी।

# राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स का मुकाबला आज



एजेंसी

जयपुर । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला अपने घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जाइंट्स से होगा। इस मैच में रॉयल्स का लक्ष्य जीत हासिल करना रहेगा क्योंकि पिछले तीन मैचों से मिल रही हार से वह अंक तातिका में काफी नीचे खिसक गयी है। रॉयल्य के लिए हालांकि जीत दर्ज करना इतना आसान नहीं होगा। इसका कारण उसकी टीम के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है उसके कप्तान संजू सैमसन पिछले मैच में चोटिल भी हो गये थे, ऐसे में उनके खेलने पर भी संशय रहेगा। टीम के बल्लेबाजों और गेंदबाजों को इस मैच में जीत दर्ज करने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। उसके गेंदबाजों को सुपर जाइंट्स के आक्रामक सलामी बल्लेबाज निकोलस पूरन पर अंकुश ओर कप्तान ऋषभ पंत पर अंकुश लगाना होगा। अभी तक रॉयल्स की टीम को सात मैचों में केवल दो मैचों में ही जीत के मिली है और वह आठवें स्थान पर है। वहीं दूसरी ओर अंकतालिका में पांचवे स्थान पर चल रही सुपर जाइंट्स का लक्ष्य इस मैच को जीतकर एक बार फिर अंक तालिका में शीर्ष चार में पहुंचना रहेगा। रॉयल्स की कमजोरी बल्लेबाजी का कमजोर होना है जिसका लाभ सुपर जाइंट्स उठाना चाहेगी। अभी तक राजस्थान का बल्लेबाजी क्रम दबाव में बिखरता दिखा है। उसके सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने हालांकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अर्धशतक लगाकर फॉर्म में लौटने के संकेत दिये हैं पर देखना होगा कि क्या वे इस लय को बनाये रख पाते हैं। पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 66 रन बनाने के बाद से ही सैमसन के बल्ले से रन नहीं आये हैं। टीम के अच्छे स्कोर के लिए सैमसन और यशस्वी का रन बनाना बेहद जरुरी है। रॉयल्स के बल्लेबाजों को सुपर जाइंट्स के गेंदबाजों शार्दुल ठाकुर, आवेश खान, दिग्वेश राठी और स्पिनर रवि बिश्नोई के सामने सावधानी से खेलना होगा। रॉयल्स की परेशानी रियान पराग और ध्रुव जुरेल का फार्म में नहीं होना है हालांकि नीतिश राणा ने पिछले मैच में 51 रन बनाए और टीम उनसे इस मैच में भी इसी प्रकार के प्रदर्शन की उम्मीद करेंगी। गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर औरा संदीप शर्मा को बेहतर प्रदर्शन कर सुपर जाइंट्स के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना होगा। लखनऊ की ताकत पूरन के आलावा मिचेल मार्श जैसे बेहतरीन बल्लेबाजों का होना है। इसके अलावा उसके पास एडेन माक्ररम और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ी भी हैं।

**दोनो टीमें**

**लखनऊ सुपर जाइंट्स :** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड मिलर, एडेन मार्करम, आर्यन जुयाल (विकेटकीपर), हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्जके, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), मिशेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, युवराज चौधरी, राजवर्धन हैंगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, आयुष बडोनी, शार्दुल ठाकुर, अवेश खान, आकाश दीप, मणिमारन सिद्धार्थ, दिग्वेश राठी, आकाश सिंह, शमर जोसेफ। प्रिंस यादव, मयंक यादव, रवि बिश्नोई।

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभम दुबे, नितीश राणा, रियान पराग, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), शिमरोन हेटमायर, जोफ्रा आर्चर, महीश तीक्षाना, तुषार देशपांडे, संदीप शर्मा, फजल हक फारूकी, कुणाल सिंह राठौड़, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय, क्वेन मफाका, वानिंदु हसरंगा, युद्धवीर सिंह चरक, अशोक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी।

# फिडे महिला ग्रैंड प्रिक्स : कोनेरू हम्पी की शानदार जीत

▸ दिव्या देशमुख की दमदार वापसी



एजेंसी

पुणे। फिडे महिला ग्रैंड प्रिक्स 2024 के चौथे दौर में भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने अपने अनुभव और स्थितिगत ताकत का शानदार प्रदर्शन करते हुए रूस की पोलिना शुवालोवा को पराजित किया है। वहीं दिव्या देशमुख ने भी रोमांचक अंदाज में बाजी अपने नाम की, जबकि द्रोणवल्ली हरिका और वैशाली रमेशबाबू का अखिल भारतीय मुकाबला बराबरी पर छूटा इतालवी ओपनिंग के साथ शुरू हुए इस मुकाबले में हम्पी ने पोलिना के खिलाफ धीरे-धीरे स्थिति मजबूत की। आठवें मोड़ पर पोलिना की एक चूक ने हम्पी को बढ़त दिलाई। 12वीं चाल में रानियों का आदान-प्रदान हुआ और इसके बाद हम्पी ने अपने जुड़े हुए प्यादों और सातवीं पंक्ति तक घुसपैठ करने वाली किश्ती से खेल पर पकड़ बना ली। 26वीं चाल तक तस्वीर साफ हो गई थी और 37 चालों में हम्पी ने बाजी अपने नाम कर ली। मैच के बाद हम्पी ने इसे आरामदायक खेल बताया।दिव्या देशमुख ने कारो-कान बचाव एक्सचेंज वेरिएशन में शानदार खेल दिखाया। उन्होंने ज्यादातर समय बढ़त बनाए रखी और अंत में डबल किश्ती और राजा की मदद से 70 चालों के बाद मेलिया सलोमे को हराया। इस जीत के साथ दिव्या भी अंक तालिका में शीर्ष की ओर पहुंच गई हैं।अखिल भारतीय भिड़ंत में द्रोणवल्ली हरिका और वैशाली रमेशबाबू आमने-सामने थीं। ग्रुनफेल्ड बचाव से शुरू हुए इस मुकाबले में हरिका ने लंबे समय तक बढ़त बनाए रखी, लेकिन वैशाली ने धैर्य नहीं खोया। 34वीं चाल के बाद हरिका कोई निर्णायक बढ़त नहीं बना सकीं और खेल बराबरी पर समाप्त हुआ। चीन की झू जिनर इस समय 3.5 अंकों के साथ अंक तालिका में सबसे आगे हैं। हम्पी और दिव्या दोनों ही जिनर से केवल आधा अंक पीछे हैं।


# धवन का सबसे अधिक चौके मारने का रिकार्ड तोड़ सकते हैं विराट



एजेंसी

मुम्बई । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) इस बार सबसे अधिक चौके मारने का रिकार्ड अपने नाम कर सकते हैं। अब तक ये रिकार्ड पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन के नाम है। धवन ने अब तक आईपीएल की 221 पारियों में 768 चौके लगाए हैं। वह आईपीएल में 700 चौके लगाने पहले पहले बल्लेबाज थे। वहीं विराट के नाम अब तक 250 पारियों में कुल 725 चौके हैं। ऐसे में विराट इस बार आईपीएल के बचे हुए मैचों में ये उपलब्धि अपने नाम कर सकते हैं। वहीं अगर विराट को धवन का रिकॉर्ज तोड़ना है तो उन्हें कुल 44 चौके लगाने होंगे। वहीं अगर वह 43 चौके लगाते हैं तो वह धवन की बराबरी पर आ जाएंगे पर अगर 44 मार लगाने में सफल रहते हैं तो वह धवन का रिकार्ड तोड़ सकते हैं। विराट ने इस सत्र में अब तक 6 मैचों में वह 20 चौके लगाये हैं। ऐसे में बचे हुए 8 मैचों में उनके लिए 44 चौके लगाना असंभव नहीं है।

# टी20 में 500 रन बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बने अभिषेक



एजेंसी

मुम्बई । सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने आईपीएल के इस सत्र में अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। अभिषेक ने मुंबई इंडियंस के खिलाप 40 रनों की पारी खेली। इस पारी के साथ ही इस युवा बल्लेबाज ने एक रिकार्ड भी बना लिया। अभिषेक अब तक इस साल टी20 क्रिकेट में सबसे पहले 500 रन बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस साल 12 पारियों में 511 रन बनाए हैं। उनके अलावा अब तक इस साल कोई भी और भारतीय बल्लेबाज 400 रनों तक भी नहीं पहुंच पाया है। इस सत्र में मुम्बई इंडियंस के ही तिलक वर्मा ने 10 पारियों में 343 रन बनाए हैं और वह दूसरे नंबर पर हैं। वहीं गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन ने 6 पारियों में 329 रन बनाए हैं। इस साल अभिषेक ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कमाल का प्रदर्शन किया था। अभिषेक ने इंग्लैंड के खिलाफ ईडन गार्डन्स में 79 रन बनाये थे। इसके बाद उन्होंने वानखेड़े में इंग्लैंड के खिलाफ 13 छक्के और सात चौके लगाकर 135 रनों की पारी खेली थी। इस सत्र में उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ 141 रन बनाये थे।

### अंक तालिका में सातवें नंबर पर पहुंची मुंबई इंडियंस

मुम्बई । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हुए मैच में मिली जीत के बाद लाभ हुआ है और वह अंक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गयी है। वहीं सनराइजर्स को झटका लगा है और वह नौवें स्थान पर खिसक गयी है। हालांकि अन्य टीम की स्थिति में बदलाव नहीं आया है। दिल्ली कैपिटल्स है अंकतालिका मे नंबर एक पर बनी हुई है। उसके 6 मैचों में 10 अंक हैं। वहीं दूसरे स्थान पर गुजरात टाइटन्स है, उसने 6 में से 4 मुकाबले जीते हैं और टीम के 8 अंक हैं। तीसरे स्थान पर कायम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के भी इतने ही अंक हैं पर टीम का नेट रन रेट कम होने से वह गुजरात से पीछे हैं। वहीं, पंजाब किंग्स ने भी 6 में से चार मैच जीतकर 8 अंक हासिल किये है पर नेट रन रेट कम होने से वह चौथे नंबर पर है।

# महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3पी में आठवें स्थान पर रहीं श्रीयंका




एजेंसी

लीमा। पेरिस ओलंपिक निशानेबाज श्रीयंका सदांगी यहां आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन चरण के तीसरे दिन महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) फाइनल में आठवें स्थान पर रहीं। वह इस डबल लेग वाले दक्षिण अमेरिकी प्रवास पर पहली बार व्यक्तिगत विश्व कप फाइनल में जगह बनाने वाली नवीनतम भारतीय निशानेबाज बन गईं, लेकिन स्टैंडिंग पोजिशन राउंड के 10वें शॉट के बाद बाहर हो गईं, जो 45 शॉट के फाइनल का 40वां शॉट था। फाइनल में श्रीयंका ने अपने पहले प्रयास में 10.5 के साथ अच्छी शुरूआत की, लेकिन जैसे-जैसे फिनिश की ओर बढ़ना शुरू हुआ, श्रीयंका हारती गईं। उनका सबसे अच्छा मौका तब था जब वे दूसरे प्रोन पोजीशन के दो और शॉट के साथ छठे स्थान पर पहुंच गई थीं, लेकिन 9.8 और 9.3 के रिटर्न ने उनकी चुनौती को प्रभावी ढंग से खत्म कर दिया। उन्होंने अपना अंतिम शॉट 9.9 के साथ पूरा किया और 400.7 अंकों के साथ सातवें स्थान पर रहीं ब्राजील की जियोवाना मेयर के साथ बाहर हो गईं। पेरिस खेलों में रजत पदक जीतने वाली यूएसए की सेगेन मैडालेना ने स्वर्ण पदक जीता। सेगेन के प्रयास ने यूएसए को तीन स्वर्ण और छह पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंचा दिया। गुरुवार को तीसरे दिन प्रतियोगिता के अंत में भारत दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर रहा। भारतीय निशानेबाजों के लिए कुल मिलाकर चुनौतीपूर्ण दिन रहा, उनमें से कोई भी पुरुष 3पी फाइनल में नहीं पहुंच सका और पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) स्पर्धा में क्वालीफाइंग के पहले दौर के बाद उन्हें बहुत कुछ करना था। महिलाओं की 3पी स्पर्धा में भी पहले दो नीलिंग और प्रोन पोजीशन के बाद भारतीयों को संघर्ष करना पड़ा, लेकिन श्रीयंका, आशी चौकसे और पिछले विश्व कप स्वर्ण विजेता सिफ्ट कौर समरा ने फाइनल स्टैंडिंग पोजीशन में शानदार गति पकड़ी और क्वालीफाइंग मार्क के लिए दौड़ लगाई। श्रीयंका 588 के ठोस स्कोर के साथ सातवें स्थान पर पहुंचने में सफल रहीं,आशी नौवें स्थान पर रहीं जबकि सिफ्ट 11वें स्थान पर रहीं, दोनों 587 पर रुकीं और इस तरह मामूली अंतर से चूक गईं।

# पंजाब किंग्स में आने से आया मेरे में बदलाव : अर्शदीप



एजेंसी

नई दिल्ली । बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने आईपीएल के इस सत्र में पंजाब की ओर से अच्छा प्रदर्शन किया है। अर्शदीप ने कहा है कि इस टीम में आने के बाद से ही उनमें काफी बदलाव आया है जिसके कारण ही वह पहले से बेतर खिलाड़ी बन सके हैं। अर्शदीप ने कहा कि फ्रेंचाइजी में एक साल होने के बाद से ही उन्हें अहम भूमिका भी मिलने लगीं जिससे वह अधिक जिम्मेदारी से अपना काम कर पाते हैं। वह साल 2019 से ही पंजाब किंग्स से खेल रहे हैं। उन्होंने 71 मैचों में अब तक 26.82 की औसत और 9 की इकॉनमी रेट से 84 विकेट लिए हैं। अर्शदीप ने कहा, जब से मैं पंजाब किंग्स में आया हूं, पहले साल को छोड़कर , मुझे अपनी भूमिका में वरिष्ठता महसूस होने लगी है। मैं पिछले सात सालों से इस टीम से जुड़ा हुआ हूं और टीम के साथ अपना पहला साल बिताने के बाद मुझे लगने लगा कि मुझे टीम में बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। इससे मुझे एक खिलाड़ी और बेहतर इंसान के रूप में विकसित होने में भी सहायता मिली।

अर्शदीप का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन आईपीएल सीजन 2021 में आया जब उन्होंने 12 मैचों में 18 विकेट लिए। वहीं उन्होंने 2022 में 10 विकेट लिए थे। अर्शदीप ने कहा कि इस लीग में खेलने से उन्हें पता चला कि अधिक दबाव वाले मैचों में किस प्रकार से खेला जाता है। इसके साथ ही उनका रुख भी खेल को लेकर गंभीर को गया क्योंकि कठिन हालातों में अगर रुख गंभीर नहीं होगा तो उसका नुकसान टीम को हो सकता है।

# जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए झारखंड कुश्ती टीम रांची से कोटा रवाना



एजेंसी

रांची । यू-20 जूनियर राष्ट्रीय,पुरुष फ्रीस्टाइल/ ग्रीको रोमन एवं महिला राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता जिसका आयोजन 20 से 22 अप्रैल 2025 तक कोटा राजस्थान में आयोजित हो रहा है। उक्त नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता में झारखंड कुश्ती टीम के 32,सदस्यी जिसमें, 18 पुरुष पहलवान, 07 महिला पहलवान एवं 07 टीम प्रशिक्षक शामिल है। उक्त प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना होने से पहले खेल विभाग झारखंड सरकार के सहयोग द्वारा खिलाड़ियों को ट्रैक सूट, खेल किट देकर ,झारखंड कुश्ती टीम को रवाना किया गया। यू-20 कुश्ती टीम के सदस्यों को रवाना होने से पहले, झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष- जीशान कमर,(भाप्रसे) ,अभिभावक-के रवि कुमार,(भाप्रसे), खेल निदेशक झारखंड संदीप कुमार, (भा.प्र.से.), हमारे मार्गदर्शक- भोलानाथ सिंह, महासचिव- रजनीश कुमार, बिजय शंकर सिंह, सभी जिला कुश्ती अध्यक्ष/ सचिव एवं झारखंड राज्य कुश्ती परिवार तथा खेल विभाग के द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

# वाराणसी की पूजा यादव ने रचा इतिहास, भारतीय महिला हॉकी टीम में बनाई जगह



एजेंसी

नई दिल्ली। वाराणसी के ग्रामीण इलाके से ताल्लुक रखने वाली 21 वर्षीय पूजा यादव ने भारतीय महिला हॉकी टीम में जगह बनाकर इतिहास रच दिया है। वह पूर्वांचल क्षेत्र की पहली महिला खिलाड़ी बनी हैं, जिन्हें भारतीय हॉकी टीम में शामिल किया गया है। पूजा को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चुनी गई 26 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम में जगह मिली है। यह दौरा 26 अप्रैल से 4 मई 2025 तक पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। अपनी इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए पूजा यादव ने कहा, ह्वजब मुझे टीम में चुने जाने की खबर मिली, तो यकीन नहीं हुआ। घर से हर कोई मुझे फोन कर बधाई देने लगा। मेरे माता-पिता और भाई-बहन बेहद खुश हैं। पहले कभी सोचा नहीं था कि ऐसा कुछ होगा, लेकिन अब वे मुझ पर गर्व कर रहे हैं।ह्व पूजा ने आगे कहा, ह्वमैं गर्व महसूस कर रही हूं कि मैं पूर्वांचल से भारतीय टीम में जगह बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी हूं। मैं चाहती हूं कि मेरी यह कामयाबी गांव-कस्बों की बाकी लड़कियों के लिए भी प्रेरणा बने। उन्हें अपने सपनों को दबाना नहीं चाहिए। अगर परिवार साथ दे और कड़ी मेहनत हो, तो कोई भी मुकाम दूर नहीं। पूजा यादव ने 23 मार्च 2025 से बेंगलुरु स्थित साई सेंटर में सीनियर नेशनल कैंप में अभ्यास शुरू किया था। इस दौरान उन्होंने 65 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की सूची में भी जगह बनाई थी। सीनियर खिलाड़ियों के साथ अनुभव को लेकर पूजा ने कहा, ह्वयह मेरे लिए शानदार अनुभव रहा। सीनियर खिलाड़ियों को देखना और उनके साथ खेलना मेरे खेल को कई गुना बेहतर कर रहा है। सभी बहुत मददगार हैं और हमें लगातार बेहतर करने की सलाह देते रहते हैं।

पूजा ने बताया कि नेहा दीदी से उन्हें खास प्रेरणा मिली है। मैं मिडफील्डर हूं और हमेशा सुषिला दी और नेहा दी को आदर्श मानती थी। अब उनके साथ प्रैक्टिस करना सपना सच होने जैसा है। नेहा दी मेरी रूम पार्टनर भी हैं और उन्होंने खेल के साथ डाइट, रणनीति और भारतीय टीम में खेलने के अनुभव को लेकर बहुत कुछ सिखाया है।

पूजा का सफर भी बेहद दिलचस्प रहा है। उन्होंने बताया, ह्वमैं बचपन में क्रिकेट बहुत खेला करती थी, लेकिन स्कूल में हॉकी खेलने का मौका मिला और वहीं से शौक बना। 2015 में खेलना शुरू किया, पहले राज्य की जूनियर टीम में जगह बनाई और फिर सीनियर टीम में भी शामिल हुई। कई बार जूनियर नेशनल टीम से चूकने के बाद भी मैंने हार नहीं मानी। 2025 की सीनियर महिला नेशनल हॉकी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने के बाद अब नेशनल कैंप तक पहुंची हूं।

पूजा का अगला लक्ष्य अब ऑस्ट्रेलिया दौरे में अच्छा प्रदर्शन करना है। उन्होंने कहा, फिलहाल मेरा ध्यान सिर्फ इसी दौरे पर है। कोशिश करूंगी कि हर मौके का पूरा फायदा उठाऊं और आगे एफआईएच हॉकी प्रो लीग के लिए टीम में अपनी जगह बनाए रख सकूं।



मकाओ में आईटीटीएफ पुरुष व महिला विश्वकप में सूह हयो वोन रिटर्न शॉट लगाती हुई।

# 'द फैमिली मैन' के नए सीजन को लेकर प्रियामणि ने दिया अपडेट



चाहें एक इंटेलिजेंस ऑफिसर की पत्नी का किरदार हो, चाहें पीएमओ की ज्वॉइंट सेक्रेटरी का। अभिनेत्री प्रियामणि हर किरदार में पूरी तरह से उतर जाती हैं और उसे अच्छे से निभाती हैं। प्रियामणि को 'आर्टिकल 370' में पीएमओ की ज्वॉइंट सेक्रेटरी के रूप में राजेश्वरी स्वामिनाथन के किरदार के लिए काफी प्रशंसा भी मिली। साथ ही आईफा 2025 में भी प्रियामणि को 'आर्टिकल 370' में अपने दमदार किरदार के लिए सहायक अभिनेत्री की कैटेगरी में नॉमिनेशन भी मिला। इस मौके पर प्रियामणि ने अमर उजाला से खास बातचीत में 'आर्टिकल 370' के अपने किरदार और 'द फैमिली मैन सीजन 3' के बारे में बात की।

बातचीत में प्रियामणि ने आईफा में नॉमिनेशन मिलने और 'आर्टिकल 370' के अपने राजेश्वरी स्वामिनाथन के किरदार को मिली प्रशंसा के बारे में बात की। उन्होंने कहा, 'इस फिल्म के लिए आईफा में नॉमिनेशन मिलना काफी उत्साहित करने वाला है। इंडस्ट्री से लेकर आम जनता तक हर किसी ने किरदार को पसंद किया और उसकी तारीफ की। इंडस्ट्री में भी लोगों से प्रशंसा मिली। जिस तरह से मैंने किरदार को निभाया, उसे लोगों ने काफी पसंद किया। इंडस्ट्री से इतर कुछ लोगों ने यहां तक कहा कि मैं वाकई में पीएमओ में काम करने वाली लग रही थी। मैंने इस तरह से किरदार को निभाया।'

### इस बार और भी बेहतर होगा द फैमिली मैन का अगला सीजन

इस दौरान प्रियामणि ने 'द फैमिली मैन' के अगले सीजन के बारे में भी बात की, साथ ही ये भी बताया कि सीजन 3 कब तक आएगा। अभिनेत्री ने कहा, 'द फैमिली मैन का अगला सीजन बहुत ही जल्द आएगा। बस थोड़ा सा इंतजार और करिए।' हालांकि, उन्होंने इसको लेकर ज्यादा कुछ भी बोलने या जानकारी देने से साफ इंकार कर दिया। उन्होंने बस ये ही कहा कि सीरीज का यह सीजन पिछले दो सीजन से भी ज्यादा बेहतरीन और कमाल होने वाला है।

### सुचित्रा तिवारी के किरदार में नजर आई हैं प्रियामणि

मनोज बाजपेयी की सुपरहिट वेब सीरीज 'द फैमिली मैन' में प्रियामणि ने उनके किरदार श्रीकांत तिवारी की पत्नी सुचित्रा तिवारी का किरदार निभाया था। सीरीज के पिछले दोनों सीजन में प्रियामणि के काम को काफी पसंद किया गया है। अब फैंस 'द फैमिली मैन' के तीसरे सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# बड़े पर्दे पर एक साथ नजर आएंगे पृथ्वीराज सुकुमारन और करीना कपूर

बॉलीवुड में एक नई जोड़ी दर्शकों के सामने आने को तैयार है। करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन जल्द ही मेघना गुलजार की फिल्म 'दायरा' में नजर आएंगे। 'राजी' और 'तालवर' जैसी यादगार फिल्में देने वाली मेघना अब जंगली पिक्चर्स के साथ तीसरी बार फिल्म बनाने जा रही हैं। 'दायरा' एक क्राइम ड्रामा है। फिल्म के एलान के बाद फैंस के बीच उत्साह की लहर दौड़ गई है।

करीना कपूर ने किया नई फिल्म का एलान

करीना ने इस फिल्म की घोषणा सोशल मीडिया पर बड़े उत्साह के साथ की। उन्होंने लिखा, मैं हमेशा निर्देशक के निर्देश पर काम करने वाली अभिनेत्री रही हूं। इस बार मेघना गुलजार जैसे शानदार निर्देशक के साथ काम करना मेरे लिए खास है। पृथ्वीराज के अभिनय की मैं कायल हूं। उनके साथ यह सफर और रोमांचक होगा। 'दायरा' मेरी ड्रीम टीम का प्रोजेक्ट है। 'दायरा' की कहानी मेघना गुलजार, यश केसवानी और सीमा अग्रवाल ने मिलकर लिखी है। फिल्म अभी शुरुआती दौर में है, लेकिन इसकी स्टारकास्ट और मेघना का नाम पहले ही इसे चर्चा में ला चुका है। करीना का बेबाक अंदाज और पृथ्वीराज की गंभीर अदाकारी इस फिल्म को खास बनाने का दम रखती है। मेघना की फिल्में हमेशा दिल को छूती हैं और फैंस को 'दायरा' से भी ऐसी ही उम्मीद है।

### सिंघम अगेन में दिखी थीं करीना

करीना कपूर को पर्दे पर आखिरी बार सिंघम रिटर्न्स में देखा गया था। फिल्म में उनके साथ अजय देवगन समेत कई बड़े सितारे नजर आए थे। हालांकि, रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी थी।



# गोविंदा ही नहीं बिग बी के साथ भी काम कर चुकी हैं एक्ट्रेस, इन हिंदी फिल्मों में किया काम



राम्या कृष्णन साउथ का जाना माना नाम हैं, लेकिन ये जानकार आपको हैरान होगी कि अभिनेत्री ने कई शानदार हिंदी फिल्मों में भी काम किया है। बाहुबली के दोनों भाग में शिवगामी देवी के रोल से उन्होंने चारों तरफ खूब वाहवाही प्राप्त की थी। अब राम्या सनी देओल अभिनीत फिल्म जाट में नजर आ रही हैं। जानिए अभिनेत्री की हिंदी फिल्मों के बारे में।

### क्रिमिनल

नागार्जुन अक्किनेनी, मनीषा कोइराला और राम्या कृष्णन अभिनीत फिल्म क्रीमिनल का निर्देशन महेश भट्ट के द्वारा किया गया था। इस फिल्म ने शानदार प्रदर्शन किया था। तुम मिले दिख खिले जैसे गानों ने फिल्म को हिट करा दिया था।

### बनारसी बाबू

डेविड धवन के निर्देशन में बनी फिल्म बनारसी बाबू में राम्या कृष्णन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में अभिनेत्री के साथ अपोजिट रोल में गोविंदा थे। साल 1997 में रिलीज हुई यह कॉमेडी फिल्म हिट रही थी।

### बड़े मियां छोटे मियां

साल 1998 में रिलीज हुई इस फिल्म का निर्देशन डेविड धवन द्वारा किया गया था। फिल्म में कई दिग्गज कलाकार मौजूद थे। इसमें अमिताभ बच्चन के अपोजिट राम्या कृष्णन ने शानदार भूमिका निभाई थी। इन दोनों के अलावा फिल्म में गोविंदा और रवीना टंडन ने भी मुख्य भूमिका में थे। फिल्म ने सिनेमाघरों मे औसत प्रदर्शन किया था।

### चाहत

महेश भट्ट के निर्देशन में बनी फिल्म चाहत साल 1996 में रिलीज हुई थी। शाहरुख खान अभिनीत फिल्म में पूजा भट्ट के अलावा राम्या कृष्णन ने भी मुख्य भूमिका निभाई थी। यह एक रोमांटिक- थ्रिलर फिल्म थी। फिल्म में इन कलाकारों के अलावा अनुपम खेर और नसीरुद्दीन शाह ने भी शानदार अभिनय किया था। हालांकि, आपको बताते चलें कि राम्या कृष्णन की ये फिल्म फ्लॉप रही थी।

# सामंथा ने इसलिए ठुकरा दी करोड़ों की डील
## हिंदी सिनेमा में वापसी के लिए जबर्दस्त तैयारी



**साउथ सिनेमा की सुपरस्टार रहीं सामंथा रुथ प्रभु की साल 2012 में आई पहली हिंदी फिल्म 'एक दीवाना था' के 13 साल बाद उनके एक बड़े बजट की हिंदी फिल्म में लीड हीरोइन के तौर पर बड़े परदे पर उतरने के आसार बनते दिख रहे हैं। इस फिल्म को करने से पहले सामंथा ने अपनी पर्सनल ब्रांडिंग के लिए खास रिसर्च कराई है और माना जा रहा है कि उनकी पर्सनल ब्रांडिंग हिंदी सिनेमा में एक 'केयरिंग' सुपरस्टार के तौर पर आने वाले दिनो में और मजबूत होने वाली है।**

पहले 'फैमिली मैन 2' और फिर 'सिटाडेल- हनी बनी' में हिंदी पट्टी के दर्शकों के बीच खूब पसंद गई सामंथा की इस साल कोई फिल्म रिलीज नहीं होने वाली है। लेकिन, अगले साल के लिए सामंथा ने एक तो अपनी ही प्रोडक्शन कंपनी की शूटिंग शुरू कर दी है, दूसरी फिल्म उनकी हिंदी सिनेमा के एक ऐसे प्रोडक्शन हाउस की फिल्म बताई जा रही है, जो अरसे से साउथ सिनेमा के सितारों को हिंदी सिनेमा में लॉन्च करने की कोशिश में रहा है। जानकारी के मुताबिक सामंथा को हिंदी सिनेमा में बतौर लीड हीरोइन लांच करने जा रही इस कंपनी ने साउथ के एक बड़े सितारे को लेकर एक द्विभाषी फिल्म कुछ साल पहले बनाई भी, हालांकि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर उतनी सफल नहीं रही। सामंथा के करीबी बताते हैं कि हिंदी पट्टी में बड़े परदे पर उतरने की तैयारी वह बीते तीन-चार साल से करती आ रही हैं और इसी के चलते उन्होंने ऐसे किसी भी ब्रांड का विज्ञापन करने से मना किया जिसके चलते लोगों की सेहत पर खराब असर पड़े। सॉफ्ट ड्रिंक्स से लेकर सौंदर्य क्रीम तक के दर्जनों प्रस्ताव इस दौरान सामंथा को मिलते रहे हैं, लेकिन वह कहती हैं, मैंने अपनी युवावस्था में जो गलतियां कीं, मैं नहीं चाहती कि आज की युवतियां उन्हें दोहराएं। अब जब भी कोई सौंदर्य उत्पाद या सेहत से जुड़ा उत्पाद मेरे पास एंडोर्समेंट के लिए आता है तो सबसे पहले मैं अपने तीन डॉक्टरों के एक पैनल से सलाह लेती हूं। उसके बाद भी किसी ब्रांड के साथ अपना नाम जोड़ने का फैसला लेती हूं। अगर मैं गिनने बैठूं तो सिर्फ बीते एक साल में मैंने 15 बड़े ब्रांड को मना किया। जाहिर है इससे मुझे करोड़ों रुपये का नुकसान भी हुआ, लेकिन मेरा मानना है एक लोकप्रिय सितारे को पैसे से ज्यादा अपने प्रशंसकों की सेहत को अहमियत देनी चाहिए। ज्यादा दिन नहीं हुए सब अभिनेता आर माधवन ने भी इसी तरह करोड़ों रुपये की एक डील एक पान मसाला कंपनी का प्रस्ताव ठुकराकर रद्द कर दी थी। माधवन का बेटा वेदांत अंतर्राष्ट्रीय तैराकी चैंपियन है और अपने बेटे के खेल प्रेम को देखते हुए ही माधवन ने ऐसे किसी भी ब्रांड का प्रमोशन न करने का फैसला किया है जो लोगों की सेहत पर विपरीत असर डाल सकता हो। सामंथा की कोशिश भी अपना पर्सनल ब्रांड माधवन की तरह का ही विकसित करने की है।

# रणबीर कपूर की रामायण में ये अहम किरदार निभाने वाले थे जयदीप



रणबीर कपूर की मच अवेटेड फिल्म 'रामायण' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। फिल्म की कास्ट से लेकर शूटिंग तक को लेकर लगातार समय-समय पर जानकारियां सामने आ रही हैं। अब फिल्म से जुड़ी एक और जानकारी सामने आ रही है। जिसमें ऐसा बताया जा रहा है कि 'रामायण' में विभीषण के किरदार के लिए अभिनेता जयदीप अहलावत से भी बात की गई थी और अभिनेता इस किरदार के लिए काफी उत्सुक भी थे, लेकिन फिर बात नहीं बन पाई

### जयदीप अहलावत थे उत्सुक, लेकिन...

रिपोर्ट्स की मानें तो विभीषण के किरदार के लिए जयदीप अहलावत मेकर्स की पहली पसंद थे। मेकर्स ने जयदीप अहलावत से इस किरदार के लिए बातचीत भी की। अभिनेता खुद भी इस माइथोलॉजी फिल्म को करने के लिए काफी उत्सुक थे। हालांकि, डेट्स ने जयदीप अहलावत की इच्छाओं पर पानी फेर दिया। अपने शेड्यूल और डेट्स की कमी के चलते जयदीप अहलावत को इस किरदार को मना करना पड़ा। प्रोडक्शन से जुड़े सूत्रों ने बताया कि निर्माता उन्हें मुख्य भूमिका के लिए लाने के लिए उत्सुक थे, लेकिन तारीखें बस मेल नहीं खा रही थीं।

### विजय सेतुपति का नाम भी था चर्चाओं में

हालांकि, विभीषण के रोल के लिए सिर्फ जयदीप अहलावत ही रेस में नहीं थे। पिछले साल ऐसी चर्चाएं भी काफी थीं कि तमिल सुपरस्टार विजय सेतुपति से भी विभीषण के किरदार के लिए बात की गई थी। हालांकि, बाद में वहां भी बात नहीं बन सकी और विजय सेतुपति भी इस किरदार को निभाने से चूक गए।

### रणबीर राम और साई पल्लवी बनेंगी माता सीता

'रामायण' में भगवान राम के किरदार के लिए रणबीर कपूर, सीता माता के किरदार के लिए साई पल्लवी और रावण के किरदार के लिए केजीएफ स्टार यश का नाम फाइनल हो चुका है। जबकि सनी देओल के फिल्म में हनुमान जी का किरदार निभाने की चर्चाएं हैं।

### दो पार्ट में रिलीज होगी फिल्म

नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित 'रामायण' की फिलहाल शूटिंग चल रही है। फिल्म से अभी तक ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। फिल्म दो पार्ट्स में रिलीज होनी है। इसका पहला भाग साल 2026 में जबकि दूसरा भाग 2027 में रिलीज होने की संभावना है।

# एनिमल और मार्को से हिट 3की तुलना किए जाने पर नानी ने तोड़ी चुप्पी



हिट- द थर्ड केस के निर्माताओं ने 14 अप्रैल को ट्रेलर जारी किया, जिसमें अर्जुन सरकार के रूप में नानी को पेश किया गया। फिल्म के डार्क, खूनी और एक्शन सीन्स ने लोगों का ध्यान खींचा, जिसे यूजर्स को अन्य फिल्मों के सीन्स याद आ गए। यूजर्स ने हिट 3के सीन्स की तुलना रणबीर कपूर की एनिमल, उन्नी मुकुंदन की मार्कोऔर किलसे की। हालांकि नानी ने इन खबरों पर चुप्पी तोड़ी और कहा कि हिट 3पूरी तरह से अलग जगह से संबंधित है। हैदराबाद में हिट 3के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अन्य फिल्मों से हिट 3की तुलना पर नानी ने जवाब दिया। उन्होंने कहा- मुझे नहीं लगता कि हिट 3को एनिमल, किलया मार्कोके समान कैटेगरी में रखा जाना चाहिए। यह एक अलग कहानी है, एक बार जब आप पूरी फिल्म देख लेंगे तो सब कुछ इतना स्वाभाविक लगेगा कि हिंसा बाहर नहीं आएगी।

# भाजयुमो ने सोनिया गांधी व राहुल गांधी के फूंके पुतले

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर जिला अध्यक्ष महेश चौहान के मार्गदर्शन तथा भारतीय जनता युवा मोर्चा नोएडा महानगर जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव के नेतृत्व में नोएडा स्टेडियम गेट नंबर 4 पर नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप की चार्जशीट फाइल होने पर पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सभी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और सोनिया गांधी के ऊपर भ्रष्टाचार की गंभीर धाराओं में चार्ज शीट फाइल होने पर एक मत होकर उनका पुतला फूंका।

कार्यक्रम में अनुज कश्यप, रामनिवास यादव, विपुल शर्मा, अर्पित मिश्रा, सत्यम सिंह, दीपक मेहरा, गौरव मेहरा, कार्तिकेय शर्मा, जितेंद्र तोमर, पंकज झा, सुनीता शर्मा, लोकेश कश्यप, शिवम पाठक, अनिल पाठक, सौरभ चौहान, दीपक अवाना, विनोद शर्मा धर्मेंद्र गुप्ता सत्यनारायण महावार नीरज चौधरी, रामकिशन यादव, शशिधर उपाध्याय, सुरेंद्र बिष्ट, विनोद शर्मा, प्रज्ञा पाठक, धर्मेन्द्र गुप्ता, लेखराज बेनीवाल, अमित नागपाल, रवि वाल्मीकि, उमंग मित्तल, उमेश त्यागी, डिम्पल आनंद, धर्मेन्द्र चौहान, सुंदर राणा, नरेश शर्मा मोनू जोगी दिनेश पाल, बिरसिंह यादव इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






# मंत्री असीम अरूण ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित




**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष में डॉ भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय नोएडा (मुख्यमंत्री अभ्युदय केंद्र) के तत्वाधान में तृतीय विशाल वार्षिक उत्सव 'जश्न-ए-भीमोत्सव' एक शाम बाबा साहब के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार मंत्री असीम अरुण बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मंत्री ने भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला और कहा कि हमें भी अपने जीवन में बाबा साहब के सिद्धांतों और आदर्शों को अपनाकर देश हित में कार्य करने चाहिए। इस दौरान मंत्री ने डॉ भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय नोएडा (मुख्यमंत्री अभ्युदय केंद्र) से सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया। इस दौरान देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार भी उपस्थित रहे।

# श्री हनुमान जन्मोत्सव शोभा यात्रा कल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर सेक्टर-12 में श्री हनुमान जन्मोत्सव शोभा यात्रा को लेकर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

बजरंग दल संयोजक सुमित ने बताया कि महानगर से सभी 15 प्रखंडों से कार्यकर्ता सेक्टर-63 सुबह 10:30 बजे पहुंचेंगे। इसके उपरांत प्रांत मंत्री राजकुमार डूंगर द्वारा शोभायात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। शोभा यात्रा बहलोलपुर चौकी से चोटपुर पुस्ता होते हुए बहलोलपुर गढ़ी चौखंडी गोल चक्कर, ट्रांसपोर्ट नगर सेक्टर 67, गढ़ी चौखंडी पुलिस चौकी पर्थला चौकी होते हुए सेक्टर-122, यदु पब्लिक स्कूल से होते हुए सर्फाबाद, होशियारपुर होते हुए बिलाबोंग स्कूल के बराबर में हनुमान मंदिर पर पहुंचेगी।

प्रेस वार्ता में महानगर अध्यक्ष एवं प्रांत उपाध्यक्ष छाया सिंह, विभाग मंत्री ललित, जिला मंत्री दिनेश महावर उपाध्यक्ष महानगर सत्यवीर, महानगर उपाध्यक्षा अनुराधा महानगर सह मंत्री राजीव, प्रवेश, महानगर धर्म प्रसार जितेंद्र, विधि प्रकोष्ठ प्रमुख विपुल जौहरी, नितेश राहुल दुबे मौजूद रहे।



# प्राधिकरण की योजना पर लगाया उद्योगपति ने 'ब्रेक'

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा शहर को पूरब से पश्चिम तक और नोएडा व दिल्ली से जोड़ने वाली एकमात्र महत्वपूर्ण 130 मीटर सड़क तिलपता गोलचक्कर के निकट एक धन्ना सेठ के स्वार्थ के ज़ख्म से कराह रही है। उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश के बावजूद धन्ना सेठ न तो प्राधिकरण को सड़क में आ रही अपनी भूमि दे रहा है और न सड़क बनाने दे रहा है।



सालों से अधूरी पड़ी है 130 मीटर लम्बी रोड

तिलपता गोलचक्कर के निकट ग्रेटर नोएडा पश्चिम की ओर 130 मीटर रोड का लगभग पचास मीटर हिस्सा एक दशक से अधूरा पड़ा है। यह भूमि कभी की बंद हो चुकी तोशा पिक्चर ट्यूब कंपनी के मालिकों की बताई जाती है। तोशा पिक्चर ट्यूब कंपनी के पास यहां कुल 25 एकड़ भूमि है। इसमें से 17 एकड़ भूमि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की स्थापना से पहले खरीदी गई थी।शेष आठ एकड़ भूमि प्राधिकरण की स्थापना के बाद खरीदी गई। कंपनी के मालिक अपनी समस्त बेशकीमती भूमि को प्राधिकरण से बचाना चाहते हैं। प्राधिकरण पहले खरीदी गई 17 एकड़ भूमि को छोड़ने को तैयार भी है परंतु धन्ना सेठों का थोड़े से गुजारा कहां होता है चाहे उनके लालच के लिए आम नागरिकों को कितनी भी मुसीबत उठानी पड़े। यहां ऐसा ही हो रहा है। ग्रेटर नोएडा की लाइफ लाइन 130 मीटर रोड पर तिलपता गोलचक्कर से आगे बढ़ते ही सरपट दौड़ रहे वाहनों के पहिए खुद ब खुद चीखते हुए रुक जाते हैं। फिर गड्ढों में हिचकोले खाते हुए यह टूटा हुआ हिस्सा पार करते हैं और सड़क न बनाने के लिए प्राधिकरण को गालियां देते हैं। जिन्हें इस समस्या की जड़ मालूम है वो तोशा कंपनी और स्थगनादेश देने के लिए उच्च न्यायालय को भी कोसते हैं। इससे किसे फर्क पड़ता है? ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी रवि कुमार एनजी के निर्देश पर नियोजन विभाग की मुखिया लीनू सहगल इस भूमि को जनहित में हासिल करने के लिए तोशा कंपनी के साथ कई दौर की वार्ता कर चुके हैं।जमीन के बदले जमीन देने पर भी प्राधिकरण राजी है परंतु उच्च न्यायालय के आदेश की आड़ में धन्ना सेठ इस जमीन के बदले व्यवसायिक भूमि हासिल करना चाहता है जिसके लिए प्राधिकरण तैयार नहीं है।

**SAHARA BUILDER & PROPERTIES™**
ISO 9001:2008
**PROPERTIES AVAILABLEFORSALE IN GREATER NOIDA**

RESIDENTIAL

| S.No | Plot Size | House No./Block | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 300 Sq.mtr | C-291, Sigma - 02 | 92 Lakh | Completion, S/W |
| 2 | 200 Sq.mtr | G-660, Alpha - 02 | 1.25 Cr. | Completion,N/E & 18 MTR Road |
| 3 | 60 Sq.mtr | G-439, Gamma - 02 | 52 Lakh | Single Story, Corner(18X12),N/E |
| 4 | 1265 Sq.ft | Silver City - 02, PI-1 | 55 Lakh | 2+1 BHK Apartment |
| 5 | 29.76 Sq.ft | 3TF/Block-60, Sector - 10 | 9 Lakh | 1 BHK, Top Floor |
| 6 | 2450 Sq.ft | Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04 | On Request | 4BHK, Low rise, Lift |
| 7 | 237 Sq.mtr | C-363, Sector - 03(EXTN) | 1.40 Cr. | 50% Completion, Corner, N/ W |
| 8 | 110 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 9 | 131 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 10 | 930 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 14000/Sq.Mtr. | Corner Plot |

COMMERCIAL

| S.No | Shop Size | Complex Address | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.5 Sq.mtr | Block - C, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, Corner, N/E |
| 2 | 463 Sq.ft | NQI Plaza, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, N/E |
| 3 | 19.5 Sq.mtr | Kadamba Shopping Complex, Gamma -01 | 40 Lakh | G.Floor, N/W |
| 4 | 8.15 Sq.mtr | Kiosk, P-3 | 22 Lakh | 24 Mtr Road, N/W |

CONTACT US : +919810441077, +919710441077
Add- Office No. 205, Sunrise Tower, Alpha 1 Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308

# पोषण पखवाडे के तहत मातृ बैठक हुई आयोजित

**नोएडा ( चेतना मंच )।** पोषण पखवाडे के अंतर्गत नालंदावे फाउंडेशन द्वारा एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से नोएडा के ककराला गांव में माताओं के लिए एक मातृ बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक की योजना गौतम बुद्ध नगर की जिला कार्यक्रम अधिकारी (DPO) पूनम तिवारी द्वारा की गई थी। उन्होंने स्वयं माताओं से संवाद किया और बच्चों की देखभाल को लेकर प्रेरणादायक बातें साझा कीं।

उन्होंने माताओं को पोषक तत्वों से भरपूर भोजन देने के महत्व के बारे में बताया और जंक फूड से बचने की सलाह दी। साथ ही, सफाई और स्वच्छता की भूमिका पर भी ज़ोर दिया। उनके प्रेरक शब्दों ने बातचीत को एक सार्थक दिशा दी, जिसे नालंदावे फाउंडेशन की टीम ने आगे बढ़ाया।



टीम ने एक गतिविधि आधारित सत्र आयोजित किया, जिसमें माताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने मिट्टी की सहायता से सब्ज़ियां और फल बनाए और कल्पनात्मक थाली में सजाकर एक संतुलित आहार की थाली तैयार की। इस रचनात्मक गतिविधि ने पोषण संबंधी कई मिथकों को तोड़ने में मदद की।

बैठक के दौरान माताओं ने न सिर्फ़ अपने बच्चों की भलाई पर चर्चा की, बल्कि उन्होंने अपने स्वयं के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व को भी समझा। यह सत्र न केवल ज्ञानवर्धक था, बल्कि माताओं के लिए उत्साह जनक अनुभव भी रहा।

# पोषण रैली निकालकर किया जागरूक




**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों की क्रम में एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी गौतम बुद्ध नगर के नेतृत्व में पोषण पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत विगत दिवस बाल विकास परियोजना (शहर एवं बिसरख) की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस 'पोषण रैली' का मुख्य उद्देश्य समुदाय में पोषण संबंधी जागरूकता फैलाना एवं 'सुपोषित भारत' की दिशा में जनभागीदारी सुनिश्चित करना था।

रैली के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने पोषण के महत्व, संतुलित आहार, स्तनपान, एनीमिया मुक्त भारत और बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की देखभाल से संबंधित नारों और पोस्टरों के माध्यम से संदेश प्रसारित किए।

रैली विभिन्न मोहल्लों एवं प्रमुख स्थानों से होकर गुज़री, जिसमें स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारियों ने भी उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया और पोषण को लेकर अपने विचार साझा किए।

पोषण पखवाड़ा के आगामी दिनों में भी विभिन्न गतिविधियाँ जैसे पोषण प्रतियोगिताएं, गृह भ्रमण, स्वस्थ भोजन प्रदर्शनी आदि आयोजित की जाएंगी, जिससे अधिक से अधिक लोगों को पोषण संबंधी जानकारी दी जा सके।

